आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
वर्ष-11। अंक 163। मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 17 जून, 2025

### इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी

# इजराइल की ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक

## तेहरान में न्यूज चैनल की बिल्डिंग पर बम गिराए, लाइव शो कर रही एंकर बाल-बाल बची

एजेंसी ● तेहरान/तेल अवीव

इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में देश के सरकारी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (IRIB) की बिल्डिंग पर बम गिराए।

घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें एंकर न्यूज पढ़ रही थी। अचानक धमाके हुआ और एंकर कुर्सी से उठकर भागी और स्टूडियो में हर तरफ मलबा गिरने लगा। इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) ने X पर ईरान पर हमले का एक और वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लान्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है।







### ईरान के हमले में आज 8 इजराइलियों की मौत

ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। पिछले 4 दिनों के दौरान इजराइल में ईरान का यह सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमलों से इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले- अमेरिका इजराइल को हमले से रोके

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि अगर अमेरिका ने इजराइल को हमले से नहीं रोका, तो हमें और भी कड़ा जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी IRNA के मुताबिक, राष्ट्रपति ने यह चेतावनी ओमान के सुल्तान हैथन बिन तारिक के जरिए दी है। ईरान ने इससे पहले भी चेतावनी दी थी कि अगर इजराइल की कार्रवाई जारी रही, तो वह जवाबी कदम उठाएगा।

### पाकिस्तान ने ईरान से सटे बॉर्डर बंद किए

पाकिस्तान ने पड़ोसी ईरान के साथ सटे अपने सभी बॉर्डर अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया है। बलूचिस्तान प्रांत के एक सीनियर अधिकारी कादिर बख्श पिरकानी ने बताया कि सभी पांच जिलों - चाघी, वाशुक, पंजगुर, केच और ग्वादर में सीमा पार आने-जाने की सुविधा सस्पेंड कर दी गई हैं। चाघी जिले में एक क्रॉसिंग के अधिकारी ने कहा कि बॉर्डर पर व्यापार गतिविधियों पर कोई प्रतिबंध नहीं है

### PM नेतन्याहू बोले- इजराइल जीत की राह पर है

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश जीत के रास्ते पर है। उन्होंने इजराइली सेना के दावे को दोहराते हुए कहा कि तेहरान के एयरस्पेस पर सेना का कंट्रोल है। नेतन्याहू ने ये बयान रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज और चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट-जनरल इयाल जमीर के साथ सेंट्रल इजराइल में तेल नोफ एयरबेस का दौरा करते समय दिया।

### इजराइल विदेशों में फंसे नागरिकों को वापस लाएगा

इजराइल की परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने सोमवार को बताया कि इजराइल सरकार विदेशों में फंसे करीब 150,000 इजराइलियों को वापस लाएगी। इसके लिए ऑपरेशन 'सेफ रिटर्न' शुरु किया जाएगा। रेगेव के अनुसार, प्राइवेट एयरलाइंस और इजरायली मनो मैरीटाइम शिपिंग कंपनी को दुनिया भर में फंसे 1 से डेढ़ लाख इजराइलियों को हवाई या समुद्री मार्ग से अपने देश वापस लाने का काम सौंपा जाएगा।

### ईरान से आर्मेनिया के रास्ते लौटेंगे भारतीय छात्र

इजराइल से लगातार चौथे दिन जारी लड़ाई के बीच ईरान ने सोमवार को विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। सूत्रों ने बताया कि भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिए ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी।

## खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और राज्य का गौरव बनो : मुख्यमंत्री साय

### नए शिक्षा सत्र पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूली बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को दी शुभकामनाएं

संवाददाता ● रायपुर

रायपुर 16 जून 2025/ नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा है— 'खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और छत्तीसगढ़ का गौरव बनो।'

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूली बच्चों से कहा है कि नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सभी के लिए विशेष है। उन्होंने स्कूली बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़िए, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'हमने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नई शिक्षा नीति के संकल्पों के अनुरूप व्यापक बदलाव कर प्रदेश के भविष्य को सँवारने का प्रयास किया है। आप निश्चिंत होकर पढ़ाई में मन लगाइए, बाकी की चिंता मुझ पर छोड़ दीजिए। आपकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी विद्यालय अब शिक्षकविहीन न रहे। इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि शिक्षा का एक समग्र और प्रेरणादायक वातावरण बन सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी नए शैक्षणिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच पीएम बोले-'यह युद्ध का युग नहीं'



एजेंसी ● नई दिल्ली

ईरान और इजरायल के बीच युद्ध की विकराल होती स्थिति को देख पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर अपनी इस बात को दोहराया है कि, यह युद्ध का समय नहीं है।

उन्होंने ईरान-इजरायल और यूक्रेन-रूस युद्ध के संदर्भ में यह कहा है कि इनका असर दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी होने का खतरा है। पीएम मोदी ने यह बात साइप्रस में राष्ट्रपति नाइकोस क्रिस्टोडोलीडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कही। राष्ट्रपति नाइकोस ने पीएम मोदी को साइप्रस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द आर्डर ऑफ माकारियस तृतीय से सम्मानित किया।

साइप्रस ने यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता का पुरजोर तरीके से समर्थन किया। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मिल कर संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित आतंकियों, आतंकी संगठनों और उन्हें प नाह पनाह देने वालों, उनके लिए छद्य तरीके से काम करने वालों के खिलाफ यूएनएससी की प्रतिबंधित सूची के तहत कार्रवाई करने की अपील की।

पीएम ने कहा कि दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय पीएम की यात्रा से आपसी संबंधों में एक नाय अध्याय लिखने का यह स्वर्णिम अवसर है। अपनी साझेदारी को रणनीतिक दिशा देने के लिए हम अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैन बनाएंगे।

www.adityabharat.com

हर ख़बर जरूरी है पाठक के लिए...!

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
रायपुर,इंदौर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आपके विचार लेख हमारी संपादकीय टीम को उचित लगता है तो जरूर प्रकाशित किया जाएगा...

mail id : editor@adityabharat.com

## लाड़ली बहनों और माताओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य : सीएम

### रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 250 रूपए शगुन दिया जाएगा

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों को मान-सम्मान और उनका वाजिब हक दिलाने में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने, सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और समृद्धि प्रदान करने के लिए हमारी सरकार द्वारा हर महीने बहनों के खातों में राशि भेजकर बहनों का रक्षाबंधन मनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में लाड़ली बहनों को 250 रूपए बढ़ाकर दिया जाएगा, जिससे ताकि बहनें उत्साह पूर्वक त्यौहार मना सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर जिले के बेलखेड़ा गांव में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिये 2081 करोड़ रूपसे से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार ने विरासत से विकास का संकल्प लिया है। जबलपुर क्षेत्र महारानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई जैसी वीरांगनाओं की धरती है। हमारी सरकार ने इन वीरांगनाओं के नाम पर योजनाएं चलाई हैं। इनका लाभ प्रदेश की लाखों महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना ही हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश सहित मध्यप्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किश्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित किये। योजनान्तर्गत लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके बैंक खाता में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों की जिंदगी को बेहतर करने मध्यप्रदेश सरकार प्रति महीने साढ़े पंद्रह सौ करोड़ रुपए अंतरित करती है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में 30 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि बहनों को दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि, 27 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की अनुदान राशि और मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण किया।

निसान मोटर इंडिया ने नेटवर्क विस्तार को दी गति, रणनीतिक विस्तार के कदमों से बेहतर संभावना वाले बाजारों में निसान के नेटवर्क को मिल रही है मजबूती

# पांच नए टचपॉइंट्स के साथ राजस्थान में नेटवर्क बढ़ाया

संवाददाता ● गुरुग्राम






निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने राजस्थान में पांच नए टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के साथ भारत में अपना नेटवर्क 283 कस्टमर टचपॉइंट्स तक पहुंचने की घोषणा की है। इस विस्तार से प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में सुगमता और ग्राहकों के बेहतर अनुभव पर ब्रांड के फोकस को मजबूती मिलेगी।नए लॉन्च किए गए टचपॉइंट्स में जयपुर में एक शोरूम व अत्याधुनिक वर्कशॉप, उदयपुर में व्यापक 3एस सेंटर और अजमेर में एक नया शोरूम शामिल है।

लॉन्च

उदयपुर के 3एस सेंटर में एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स ऑपरेशंस का परिचालन होगा। नए केंद्रों का उद्घाटन निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने किया। यहां कुशल एवं उत्साही सेल्स एवं सर्विस प्रोफेशनल्स को नियुक्त किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हर टचपॉइंट को इस तरह डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहकों को सुगम और शानदार ब्रांड एक्सपीरियंस मिले।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'जयपुर, उदयपुर और अजमेर में नई डीलरशिप के उद्घाटन के साथ राजस्थान में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का हमें गर्व है। हम भारत में अपने फ्यूचर पोर्टफोलियो की लॉन्चिंग की दिशा में बढ़ रहे हैं और ये उद्घाटन उसी दिशा में हमारे नेटवर्क विस्तार के प्रयासों का हिस्सा हैं। यह सांस्कृतिक रूप से जीवंत और आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य में ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राजस्थान एक महत्वपूर्ण ऑटोमोटिव बाजार के रूप में उभर रहा है और हमारा उद्देश्य केवल वाहन उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि इनोवेशन, क्वालिटी एवं भरोसे के साथ सार्थक अनुभव प्रदान करना भी है। हम यहां अपने ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाने और मोबिलिटी के उनके सफर का हिस्सा बनने के लिए प्रयासरत हैं।'

जयपुर में नया लॉन्च किया गया नमो निसान शोरूम 31, करोली बाग, गुर्जर की थड़ी, गोपालपुरा बायपास, जयपुर – 302019 में स्थित है। यह 4,000 वर्ग फीट में बना है। यहां ग्राहकों को निसान की लेटेस्ट प्रोडक्ट लाइनअप का अनुभव लेने के लिए इमर्सिव स्पेस मिलेगा। इस शोरूम के पूरक के तौर पर 59-62, गुर्जर की थड़ी, गोपालपुरा बायपास, मोती नगर, जयपुर – 302019 में अत्याधुनिक वर्कशॉप बनाई गई है। 20,000 वर्ग फीट में बनी यह वर्कशॉप स्पीड और एफिशिएंसी के साथ सभी तरह की सर्विस संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी टूल्स से लैस है।

उदयपुर में नया लॉन्च किया गया नमो निसान 3एस केंद्र गौरव पथ, सेलिब्रेशन मॉल के नजदीक, पुल्ला भुवाना, उदयपुर – 313004 में स्थित है। यह कुल 10,000 वर्ग फीट में बना है, जिसमें 2,000 वर्ग फीट में शोरूम और 8,000 वर्ग फीट में अत्याधुनिक वर्कशॉप है। इस 3एस केंद्र से एक ही छत के नीचे सेल्स, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की सुविधा मिलेगी। इस केंद्र को विशेष रूप से खरीदारी से लेकर ऑफ्टर-सेल्स सपोर्ट तक ग्राहकों के सफर को सुगम और इंटीग्रेटेड बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इनके अतिरिक्त, निसान मोटर इंडिया ने अजमेर में भी अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। खसरा नंबर 2409, ग्राम घूघरा, जयपुर रोड, अजमेर – 305001, राजस्थान में 4,000 वर्ग फीट में राज निसान शोरूम का उद्घाटन किया गया है। इन नए टचपॉइंट्स के साथ राजस्थान में ब्रांड के कुल कस्टमर टचपॉइंट्स की संख्या 19 हो गई है, जिनमें 4 जयपुर में, 2 उदयपुर और 2 अजमेर में हैं। इस विस्तार से टियर 2 और टियर 3 बाजारों के ग्राहकों तक पहुंचने का कंपनी फोकस और मजबूत होगा। ये बाजार भारत में कंपनी की विकास रणनीति का अहम हिस्सा हैं। निसान मोटर इंडिया ने हाल ही में अपनी नई निसान मैग्नाइट के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रो फिटमेंट किट की पेशकश का भी एलान किया है। इससे वैकल्पिक एवं स्वच्छ ईंधन की तलाश कर रहे ग्राहकों की मांग को पूरा करना संभव होगा। मोटोजेन द्वारा मैन्यूफैक्चर्ड एवं क्वालिटी एश्योर्ड किट को सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर 74,999 रुपये की अतिरिक्त कीमत पर लगाया जाएगा। यह किट नई मैग्नाइट के 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (मैनुअल ट्रांसमिशन) वैरिएंट के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। दूसरे चरण के तहत निसान मोटर इंडिया राजस्थान में नई निसान मैग्नाइट में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

नई निसान मैग्नाइट एसयूवी की बोल्ड एवं स्टाइलिश डिजाइन, 20 से ज्यादा फर्स्ट एवं बेस्ट-इन सेगमेंट फीचर्स और 55 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स इसे कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में पसंदीदा विकल्प बनाते हैं। अपनी बोल्ड रोड प्रजेंस, प्रीमियम फीचर्स और वैश्विक स्तर पर बढ़ती पहुंच के साथ नई निसान मैग्नाइट अब 65 से ज्यादा देशों में उपस्थित है, जिनमें राइट हैंड ड्राइव और लेफ्ट हैंड ड्राइव दोनों बाजार शामिल हैं।

## शॉट न्यूज

### 80 हजार की ब्राउन शुगर के साथ धराया तस्कर

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 8.8 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 80 हजार रुपए की बरामद की है। पुलिस उपायुक्त हंसराज मीणा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई द्वारा मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश खजराना टी आई मनोज सिंह सेंधव को दिए हैं। सेंधव द्वारा टीम गठित की गई। टीम ने रंगून गार्डन एमआर 10 रोड पर संदिग्ध युवक को पकड़ा पूछताछ में उसने अपना नाम गोलू उर्फ अकबर पिता दिलावर शेख निवासी तंजीम नगर खजराना बताया। तलाशी लेने पर 8.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह नशे का आदी है और ब्राउन शुगर बेचने के लिए लाया था। आरोपी अकबर पांचवी तक पड़ा है और ट्रक बॉडी रिपेयर का कार्य करता है।

### पेट्रोल के पैसे के विवाद में भाई पर कर दिया नुकीले हथियार से हमला

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में पेट्रोल के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में भाई ने भाई को जमकर पीटा और नुकीले हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम विजय पिता किशन चौहान निवासी शांति नगर, सिंहासा है। उसकी रिपोर्ट पर भाई अर्जुन चौहान पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी भाई मेरी बाइक लेकर नाइट ड्यूटी करने जा रहा था।मैंने अर्जुन को बोला कि तेरी सैलरी आ गई है तो तू 500 रूपए का पैट्रोल अपनी बाइक में डलवा ले। इसी बात पर अर्जुन ने गालियां दी और लात-घूसों से मारपीट करने लगा। उसने नुकिली चीज से मेरे पेट में वार कर दिया, जिससे मुझे पेट पर चोट लगकर खून निकलने लगा। मां गीताबाई ने बीच बचाव किया। बाद में मेरा भाई मुझे बोला कि अगर रिपोर्ट करने थाने गये तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

## आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया सुपर टर्म प्लान

एक ऑल-इन-वन टर्म बीमा समाधान जो जीवन, स्वस्थ जीवन और आय सुरक्षा के लिए अनुकूलन योग्य सुरक्षा प्रदान करता है

संवाददाता ● मुंबई

आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ('एबीएसएलआई'), भारत की अग्रणी विविध वित्तीय सेवा कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल की जीवन बीमा सहायक कंपनी ने एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है। यह ऑल-इन-वन शुद्ध सुरक्षा टर्म इंश्योरेंस बिल्ट-इन स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं के साथ-साथ लक्ष्य-संबद्ध वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च कंपनी के ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और पॉलिसीधारकों की समग्र भलाई का समर्थन करने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लॉन्च

लेवल कवर पॉलिसी अवधि के दौरान एक निश्चित बीमित राशि प्रदान करता है, जो बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर एकमुश्त, मासिक आय या इनके संयोजन के रूप में देय होती है। कवर बढ़ाने से बीमित राशि में 5% प्रति वर्ष (साधारण ब्याज) की वृद्धि होती है, जिससे समय के साथ सुरक्षा बढ़ती है। प्रीमियम के रिटर्न के साथ लेवल कवर निश्चित मृत्यु लाभ सुनिश्चित करता है, साथ ही यदि बीमित व्यक्ति परिपक्वता तक जीवित रहता है तो भुगतान किए गए कुल प्रीमियम का 100% वापस भी करता है। मज़बूत जीवन सुरक्षा प्रदान करने के अलावा, यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान सुलभ अंतर्निहित स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पॉलिसीधारकों को अपने स्वास्थ्य की सक्रिय निगरानी करने और उसे बनाए रखने में मदद मिलती है, साथ ही परिवार के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। इसके अलावा, यह एक उन्नत जीवन चरण सुरक्षा विकल्प प्रदान करता है, जो विवाह, बच्चे के जन्म या गृह ऋण जैसी विशिष्ट जीवन घटनाओं के घटित होने पर बीमित राशि में वृद्धि की अनुमति देता है, बशर्ते कि विकल्प को शुरुआत में ही चुना जाए और अन्य मानदंड पूरे हों।

आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री कमलेश राव ने कहा, 'एबीएसएलआई में, हम व्यक्तियों और परिवारों को ऐसे बीमा समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो स्थायी सुरक्षा और मन की शांति प्रदान करते हैं। एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान को लचीले कवरेज, इन-बिल्ट स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं और गंभीर बीमारी और विकलांगता सहित जीवन की अनिश्चितताओं के खिलाफ सुरक्षा के माध्यम से व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है।' एबीएसएलआई सुपर टर्म प्लान क्लेम सूचना पर तत्काल भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।

## उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने अधिकारी किए तैनात

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत गुना वृत्त में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को तैनात किया गया है। ये अधिकारी प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक एनडीसीसी कंट्रोल रूम में तैनात रहेंगे तथा उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों का त्वरित निराकरण भी करेंगे। गौरतलब है कि विगत एक सप्ताह में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं आंधी तूफान तथा बारिश आने के कारण विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निदान आवश्यक हो गया है। गुना वृत्त में जिन अधिकारियों को अलग अलग दिनों में शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओ के त्वरित निराकरण के लिए तैनात किया गया उनके नाम तथा पदनाम इस प्रकार हैं। श्री विनय त्रिपाठी सहायक प्रबंधक, केंट जोन गुना शुक्रवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक उमेश विश्वकर्मा प्रबंधक, शहर जोन गुना शनिवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक प्रशांत यादव प्रबंधक, केंट जोन गुना रविवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक कुमारी नेहा साहू सहायक प्रबंधक, केंट जोन गुना सोमवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक आशीष सक्सेना प्रबंधक (ग्रा), उप संभाग गुना, मंगलवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक अनिकेत अग्रवाल प्रबंधक, एसटीसी/ एसटीएम राघोगढ़ बुधवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक अमितेश अर्ष प्रबंधक, एसटीसी/ एसटीएम गुना गुरुवार शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक उपरोक्त अधिकारीगण एनडीसीसी कंट्रोल रूम पावर हाउस केंपस गुना में उपस्थित रहकर गुना शहर एवं संपूर्ण गुना जिले की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करेंगे एवं सभी शिकायतों का कम से कम समय में निराकरण करने में सहायता करेंगे।

## नीट में मोशन के स्टूडेंट्स को मिली शानदार सफलता 7 विद्यार्थियों ने बनाई टॉप 100 में जगह

संवाददाता ● कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (नीट-यूजी)-2025 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कामयाबी का परचम लहराया है। मोशन के सात स्टूडेंट्स ने टॉप 100 केटेगिरी रैंक में जगह बनाई है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि एनटीए का सर्वर डाउन चलने के कारण रिजल्ट कम्पाइल करने में देरी हो रही है। शनिवार शाम तक मिले परिणाम के मुताबिक इस बार नीट एग्जाम में मोशन के स्टूडेंट केशव मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 7 हासिल की है। इसके अलावा एमडी युसूफ ने एआईआर 18, दर्शन मुले ने 19 , प्रतीक सिंह ने 50, राघव गोयल ने 62, अनुष्का शुक्रवाल ने 72 और जतिन कुमार ने एआईआर 85 हासिल की है। इसके अलावा टॉप 500 रैंक में 18 विद्यार्थी मोशन के हैं। इद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में गोबरिया बावड़ी सर्किल के पास मोशन के दक्ष कैम्पस में शनिवार शाम सफलता का उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, फैकल्टीज और स्टाफ ने केक काटा, ढोल बजाकर नृत्य किया और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। वक्ताओं ने कहा कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के परिणाम में मोशन के सितारों ने शानदार सफलता हासिल की है। समारोह में चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, डॉ. स्वाति विजय, डिप्टी डायरेक्टर व नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा और अन्य सीनियर फैकल्टीज ने चयनित विद्यार्थियों और टॉपर्स का अभिनंदन किया।

उत्सव

### टॉपर्स ने शेयर किए अनुभव, कहा-टेस्ट सीरीज़ बनी ताकत

इस दौरान टॉपर्स ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि हमें मोशन के एक्सपीरियंस्ड फेकल्टी, अकेडमिक सिस्टम और कोटा के माहौल का भरपूर फायदा मिला। तैयारी के अंतिम दौर में पूरे पाठ्यक्रम पर आधारित टेस्ट देने और उनमें मिली कमियों को ठीक करने से बड़ा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि निरंतरता और समर्पण के साथ तैयारी ही कामयाबी की ओर ले जाती हैं। सफलता के लिए हार्डवर्क के साथ-साथ नियमितता और अनुशासन जरुरी है। कंसंट्रेट होकर की गई पढ़ाई सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मास्त्र टेस्ट सीरीज के जरिए प्रेक्टिस से एग्जाम का लेवल और पैटर्न समझकर अपनी कमियों को दूर करने का मौका मिला। इसका उनकी सफलता में बड़ा योगदान रहा।

### जल्द शुरू होगी काउंसलिंग, इन बातों का रखें ख्याल

मोशन एजुकेशन के सीईओ नितिन विजय ने बताया कि परिणाम आने के बाद अब काउंसलिंग शुरु होगी। ऑल इंडिया कोटा (एआईक्यू) राउंड-एक के बाद ही स्टेट काउंट राउंड-एक शुरु होगा। ऐसे में अगर आपका पहले एआईक्यू में नहीं होता है तो स्टेट काउंसलिंग में हो सकता है। ठीक इसी प्रकार दूसरे, तीसरे और चौथे राउंड के लिए होगा। इसकी डेट वगैरह की जानकारी एनएमसी और स्टेट गवर्नमेंट की काउंसलिंग बॉडी के नोटिफिकेशन में मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि नीट काउंसलिंग में सिर्फ अच्छे नंबर ही नहीं, सही रणनीति भी जरुरी है। नए मेडिकल कॉलेज खुलते हैं, कुछ की मान्यता खत्म होती है, ऐसे में सीटें हर साल बदलती हैं। इसलिए केवल पिछले साल की क्लोजिंग रैंक पर भरोसा पर्याप्त नहीं है।

## भोपाल मंडल ने दो माह में यात्री यातायात से अर्जित किए 160 करोड़ रुपये

संवाददाता ● भोपाल




मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल द्वारा यात्री सेवाओं के सतत विस्तार एवं संचालन में दक्षता के चलते वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रारंभिक दो माह – अप्रैल एवं मई 2025 के दौरान उल्लेखनीय यात्री राजस्व अर्जित किया गया है। इस अवधि में मंडल ने आरक्षित एवं अनारक्षित श्रेणियों के 70 लाख 59 हजार यात्रियों के माध्यम से कुल 160 करोड़ 25 लाख रुपये का ऑरिजनेटिंग राजस्व प्राप्त किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कई योजनाओं को अमल में लाया गया है, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या और राजस्व वृद्धि, मंडल की योजनाबद्ध रणनीतियों का प्रमाण है।

भोपाल मंडल में यात्री यातायात बढ़ाने हेतु किए गए प्रमुख प्रयासों में शामिल हैं:

### 70 लाख से अधिक यात्रियों ने की यात्रा, सुविधाओं के विस्तार से हुआ लाभ

भीड़भाड़ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन। अधिक मांग वाली ट्रेनों की संचालन अवधि का विस्तार। ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर प्रतीक्षा सूची को कम करने की पहल। चयनित स्टेशनों पर मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि का विस्तार। अधोसंरचना सुधार कार्यों की गति बढ़ाकर गाड़ियों की रफ्तार में वृद्धि एवं समयपालन में सुधार। भोपाल मंडल रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं राजस्व में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु भविष्य में भी इसी प्रकार प्रयास जारी रहेंगे।

## सैनिकों की सहायता के लिये इंदौर जिले में लगभग 27 लाख रूपये की सहयोग निधि एकत्र

लक्ष्य से अधिक धनराशि का एकत्र करने पर राज्यपाल ने किया इन्दौर जिले का सम्मान

संवाददाता ● इंदौर




इंदौर जिले में विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों की सहायता और पुनर्वास के लिये 26 लाख 90 हजार रूपये से अधिक की सहयोग निधि एकत्र की गई है। यह निर्धारित लक्ष्य का 144 प्रतिशत है। जिले में आलोच्य अवधि में 18 लाख 67 हजार रूपये की सहयोग निधि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के माध्यम में एकत्र करने का लक्ष्य था। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गत अप्रैल माह में राज भवन भोपाल में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने इंदौर जिले का सम्मान किया। सम्मान स्वरूप प्राप्त प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने भेट किया। सैनिकों के कल्याण हेतु एकत्रित उक्त राशि पूर्व सैनिकों, शहीदों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उपयोग में ली जाती है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का 23वां स्थापना दिवस

## वृक्षारोपण के साथ हुआ एक दर्जन बिजली उपभोक्ताओं का सम्मान

संवाददाता ● भोपाल





म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर 16 जून को कंपनी मुख्यालय के साथ ही भोपाल क्षेत्र तथा ग्वालियर क्षेत्र में विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान गोविन्दपुरा स्थित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल द्वारा वृक्षारोपण कर सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई। इसी दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया गया तथा प्रथम पांच रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मैदानी कार्यालयों द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही सहभागिता करने वाले कार्मिकों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मनित किया गया। वहीं निर्धारित तिथि से पहले शत-प्रतिशत बिजली बिल भुगतान करने वाले और कंपनी कार्यों में सहयोग करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मा.स. एवं प्रशासन)/ मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मनोज कुमार जैन, निदेशक (पीडीटीसी) श्री अनिल खत्री सहित सभी मुख्य महाप्रबंधक, उप मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित थे।

शपथ

### उपभोक्ता हुए सम्मानित

कार्यक्रम में उच्च दाब औद्योगिक श्रेणी में सम्मानित होने वालों में मे. वर्धमान फेब्रिक बुदनी, मे. वी.ई. कमर्सियल भोपाल, मे. नर्मदा मिल्क एंड प्रोडक्ट, गोविंदपुरा भोपाल, मे. लक्ष्मी इंजिनियरिंग, गोविंदपुरा भोपाल तथा निम्मदाब उपभोक्ताओं में श्री सादिक मोहम्मद, श्री प्रभात कुमार, श्री सुनील लोधी, श्री भगवानदास बियानी बैरसिया, श्री स्वरुप सिंह ग्राम सोयत, बुदनी तथा श्री धर्मेंद्र सिंह नसरुल्लागंज (भैरुंदा) शामिल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया है कि राजधानी भोपाल में 16 जून को गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय में प्रातः 11 बजे कंपनी के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर गोविन्दपुरा स्थित सभागार में सभी कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए। इसी प्रकार कंपनी के कार्यक्षेत्र के सभी क्षेत्रीय, वृत्त, संभाग तथा विद्युत वितरण केन्द्रों पर कार्यालय प्रमुख के द्वारा कार्मिकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

### रामसर साईट : 8 करोड़ से अधिक के विकास कार्य प्रस्तावित

# तंगहाल निगम... सिरपुर तालाब को संवारने को तैयार नहीं हो रहे ठेकेदार

**संवाददाता ● इंदौर**

रामसर साईट घोषित हो चुके सिरपुर तालाब को संवारने के लिए नगर निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके लिए अब तक चार चार बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं लेकिन कोई भी ठेकेदार तैयार नहीं है।

**संकट**

वित्तीय संकट का भी बार-बार सामना करना पड़ रहा है। जैसे तैसे व्यवस्था में सुधार करने के लिए जो प्रयास किए जाना है उसमें भोपाली अफसरों ने अपनी भूमिका का निर्वहन करने के साथ चुंगी क्षतिपूर्ति की निर्धारित राशि देने के बजाय उसमें भी रुपये की कटौती की जा रही हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहे नगर निगम इंदौर के लिए कार्य कर रहे ठेकेदारों का भरोसा उठता जा रहा है। हालात यह है कि कई विकास कार्यों के टेंडर बार-बार जारी किए जाने के बावजूद भी कोई ठेकेदार उनमें रुचि नहीं ले रहा है। सिरपुर तालाब के सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट इसका बड़ा उदाहरण बन गया है, जहां निगम अब तक चार बार टेंडर जारी कर चुका है, लेकिन किसी ने आवेदन नहीं किया। अब पांचवीं बार टेंडर जारी करने की तैयारी है। सिरपुर और अन्य तालाबों के लिए 8 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्य प्रस्तावित हैं। लेकिन ठेकेदार निगम पर समय पर भुगतान न करने का हवाला देकर दूरी बनाए हुए हैं।

**अगले सप्ताह फिर से टेंडर की तैयारी**– कई प्रोजेक्ट्स टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद शुरू नहीं हो पा रहे हैं।



**निगम का पोर्टल दो महीने से बंद**

करोड़ों की बकाया राशि और लगातार कटती शासन से मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति ने निगम की आर्थिक स्थिति और खराब कर दिया है। इधर निगम का ऑनलाइन पोर्टल पालिका 2.0 भी दो महीने से बंद है, इस माह अग्रिम कर लक्ष्य के अनुरुप जारी होगा इस बात के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। वसूली प्रभावित होने से राजस्व संग्रह में बड़ी गिरावट आई है।

सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह सिरपुर तालाब प्रोजेक्ट के लिए फिर से टेंडर जारी किया जाएगा। हालांकि अधिकारी खुद इस बात को लेकर चिंतित हैं कि बार-बार टेंडर जारी होने और कोई प्रतिसाद न मिलने से नगर निगम की छवि पर गलत असर पड़ रहा है।

## शॉट न्यूज

### घर में घुसा चोर जेवरात लेकर भागा

**इंदौर**। परदेशीपुरा इलाके में एक व्यक्ति के घर में घुसा चोर सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान बटोरकर ले भागा। फरियादी को उसकी पत्नी ने जगाया तो उसने चोर का पीछा भी किया लेकिन चोर भागने में सफल रहा।अब पुलिस चोर की खोजबीन में जुटी हैं। चोरी की वारदात नंदानगर में रहने वाले लखन पिता बाबूलाल अहिरवार के घर मे हुई।पुलिस को दर्ज शिकायत में फरियादी लाखन ने बताया कि मेरी पत्नि लीला अहिरवार ने मुझे जगाया और बोली कि घर में कोई घुसा हुआ है तो मैं तुरंत जागा। इसपर घर मे घुसा वह व्यक्ति भागने लगा मैं उस व्यक्ति के पीछे दौडा लेकिन वह भाग गया ।फिर मैने अपने बैग में रखे पुराने इस्तेमाली आभूषणों 500 ग्राम चांदी की पायजेब, 250 ग्राम की चांदी की पायजेब, 100 ग्राम चांदी की पायजेब, 4 कंगन चांदी, 4 चुड़ी चांदी की , 01 चैन चांदी की, 1 मंगलसूत्र सोने का, 2 जोड़ी बिछुड़ी चांदी की एवं मेरे पास रखे मोबाईल 01 कीपेड़ मोबाईल व 01 टच वाला नही थे।

### स्कूटर पर गांजा ले जाते नाबालिग पकड़ाया

इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्कूटर पर गांजा ले जाते हुए नाबालिग किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा शहरभर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। द्वारकापुरी थाने के उप निरीक्षक रामसिंह बघेल के मुताबिक विदुर नगर में चेकिंग के दौरान स्कूटर सवार किशोर पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा। स्कूटर की डिक्की में छुपा कर रखा सवा किलो गांजा बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि गांजा कहां से लाया था और किस सप्लाई करने जा रहा था। उधर, शिप्रा पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार सुरेश पिता उमराव सिंह मौर्य निवासी मांगलिया को पकड़ा इसके पास से 730 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### महिला के अश्लील फोटो वायरल, पति ने घर से निकाला

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके की महिला के अश्लील फोटो उसके पुराने दोस्त ने वायरल कर दिए। जब ये फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर महिला के पति को मिले तो उसने महिला को घर से निकाल दिया। मामले में महिला ने पुराने दोस्त पर फोटो वायरल करने का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई हैं। बाणगंगा पुलिस ने 21 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर अभिषेक पिता हरिकेश यादव निवासी कुशवाह नगर के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह रायबरेली उत्तरप्रदेश में हुआ हैं। पीड़िता ने बताया कि मेरे अश्लील फोटो व वीडियो " शादी के पहले के मजे' नामक व्हाट्सअप ग्रुप पर एक व्यक्ति द्वारा मेरे अश्लील फोटो व वीडियो डाले गये थे इस कारण मेरे पति ने मुझे अपने घर से निकाल दिया फिर मैं अपने मायके आकर रह रही हूं । मेरी बहुत बदनामी हुई है जिसके कारण मुझे समाज मे बहुत अपमानित महसूस हुआ है। मुझे शक है कि मेरे अश्लील फोटो व वीडियो अभिषेक यादव जो मेरा पुराना दोस्त था उसके द्वारा वायरल किये गये हैं। अभिषेक यह पहले से जानता था कि मैं अनुसूचित जाति की हूं फिर भी उसने यह जानते हुये मेरे साथ यह अपराध किया।

### भाजपा जिला इंदौर ने किया विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, मोदी सरकार की बताई उपलब्धियां

# राऊ नगर परिषद मंडल में दिलाया विकसित भारत का संकल्प

**संवाददाता ● इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली और जनकल्याणकारी वर्षों की उपलब्धियों को लेकर भाजपा जिला इंदौर द्वारा 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन महू और राऊ नगर परिषद में किया गया। राऊ में प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने महू में स्व.भेरूलाल पाटीदार मंडल, महू गांव में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनु, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया।

**कार्यक्रम**

राऊ नगर परिषद में आयोजित संकल्प सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस ने एक नारा दिया गरीबी हटाओ, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल तक कॉंग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती रही, लेकिन गरीबी हटाने के लिए उनमें इच्छाशक्ति का अभाव था, गरीबी हटाने की जगह गरीबों को गरीबी रेखा से हटाने का मज़ाक कांग्रेस ने किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेकों गरीब कल्याण की योजनाओं के फलस्वरुप 27 करोड़ गरीब गरीबी रेखा की सूची से बाहर आए हैं। 2047 तक मोदी जी भारत को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं, एक ऐसा भारत जहाँ हर हाथ को काम, अन्नदाता आत्मनिर्भर, सशक्त महिलाएं, मजबूत सेना के साथ हर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर होगा, उनके संकल्प में हम सभी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, अपने वार्ड, पंचायत, परिषद में, मंडल में कोई भी पात्र व्यक्ति मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से न छूटे, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाए। महू गांव में जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेकों जनकल्याण, गरीब कल्याण, युवा कल्याण, महिला कल्याण और अन्नदाता के कल्याण की योजनाओं से देश के नागरिकों के जीवन में बदलाव आया है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल इंडिया जैसे अनेक नवाचारों के माध्यम से देश के अंतिम पंक्ति तक विकास पहुंचा है। पीएम मोदी भारत को विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर कार्य कर रहे हैं, इसमें हम सब सहभागी बने।



**पीएम मोदी ने देश को बनाया ताकतवर**

प्रदेश सहमीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली तब देश के आर्थिक, सांस्कृतिक, रक्षा और सुरक्षा की स्थिति बेहद कमजोर थी, अर्थव्यवस्था के मामले में हमारी गिनती कमजोर राष्ट्र के रुप में होती थी। भ्रष्टाचार और आतंकवाद चरम पर था। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर है, आतंकवादियों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी सेना ने पाकिस्तान में घर में घुस कर आतंकी अड्डों को तहस नहस करने का काम किया है। ये नया भारत है। इस अवसर पर पूर्व संभागीय कार्यालय मंत्री विष्णु प्रसाद शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, घनश्याम नारोलिया, रामविलास पटेल, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मंडले, माखन मंडले, अनिल पाटीदार गब्बर, किरण सूर्यवंशी, महेश गहलोत, दीपक यादव प्रशांत दुबे, मोहन यादव, कल्याण चौधरी और अन्य मौजूद थे।

### बदमाश जिलाबदर, टीआई ने इलाके में की मुनादी

**इंदौर**। छत्रीपुरा पुलिस द्वारा एक बदमाश के जिलाबदर किए जाने के बाद इलाके में मुनादी कर उसपर हुई कार्रवाई की जानकारी से क्षेत्र के लोगों को अवगत कराया गया। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त शातिर बदमाश विनोद पिता रमेश मराठा निवासी पंचमूर्ति नगर के विरुद्ध पुलिस आयुक्त द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत 6 माह की अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है।उक्त आदेश को छत्रीपुरा टीआई केपीएस यादव व पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लाउड स्पीकर के माध्यम से सुनाकर, आरोपी विनोद मराठा व उसके परिजनों को आदेश के पालन के लिए सूचित किया गया।

### बेसकीमती जमीन पर कब्जा किया, केस दर्ज

**इंदौर**। गांधीनगर थाना क्षेत्र में विधवा की बेशंकीमती जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी भावना चौहान निवासी गांधीनगर की रिपोर्ट पर वीरेंद्र पिता कृष्णा पटेल निवासी गांधीनगर इसका भाई राजकुमार पटेल, मुकेश पिता रमेश मोरी, नरेंद्र पिता सरदार पटेल आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसके ससुर की छोटा बांगड़दा रोड पर कीमती जमीन है। ससुर ने यह जमीन फरहत पति कायद जौहर को विक्रय की थी जिसमें मेरे ससुर को कुछ रुपए नगदी दिए तथा कुछ रुपए के चेक दिए जो मेरे ससुर के खाते में नहीं आए।

# महर्षि गौतम सम्मान समारोह में 45 डॉक्टर सम्मानित

### हुआ स्वास्थ्य व्याख्यान भी



**संवाददाता ● इंदौर**

महर्षि गौतम शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास, इंदौर द्वारा युवाओं में बढ़ते हृदय रोग और निदान एवं आदर्श जीवन शैली विषय पर स्वास्थ्य व्याख्यान एवं महर्षि गौतम सम्मान समारोह 15 जून 2025 को हिंदी साहित्य समिति सभागार में सम्पन्न हुआ। डॉ. भरत रावत ने बहुत ही रोचक अंदाज में हृदय रोग सबंधी बीमारियों से बचने के आसन एवं घरेलू तरीकों पर बात की। उन्होंने कहा कि जिन्हें पता है कि मुझे शुगर या ब्लड प्रेशर हैं वह तो ठीक है पर जिन्हें नही मालूम है वो अत्यधिक खतरे में है, अतः आप समय समय पर ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच अवश्य करवाते रहे, साथ ही आपने प्रतिवर्ष फूल बॉडी चेकअप करवाने के बजाए, एक बार करवाने के बाद अपने फैमिली फिजिशियन के मार्गदर्शन में इलाज करवाने की सलाह दी। आपने बताया कि कम खाएं, समय से खाएं, घर का बना खाएं, बाहर के खाने से परहेज रखें। अपने स्वास्थ्य के लिए आप शादियों में भी घर से ही भोजन करके जाने की सलाह दी। डॉ रावत ने बताया कि हर छाती का दर्द हृदय रोग नहीं होता है, स्वयं के हृदय की जांच करने के लिए 35 मिनिट में 3 किलोमीटर चलें और देखें कि कही आपको दर्द या श्वास फूलने के कारण बीच में बैठना तो नही पढ़ रहा है, अगर ऐसा हो रहा है तो चिकित्सक को दिखवाये, अन्यथा आपका हृदय ठीक है, आवश्यकता पड़ने पर सबसे नजदीकी सेंटर पर ई सी जी करवाएं। डॉ रावत ने बताया कि अपने साथ हमेशा डिस्प्रीन रखें। हृदयाघात के समय ये टेबलेट आपको बचाने में बेहतर काम करती है।

**समारोह**

उन्होंने प्लस्टिक के उपयोग से भी परहेज करने को कहा। आपने जीवन शैली में छोटे छोटे बदलाव से स्वस्थ रहने की सलाह दी। डॉ रावत ने कम से कम इलाज की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही आपने अनावश्यक पारिवारिक ,सामाजिक प्रतिस्पर्द्धा में और दिखावे में होने वाले खर्च से बचने की सलाह दी,साथ ही हमेशा प्रसन्न रहे और अपने लिए समय निकालें, आपने न्यास परिवार को इस प्रकार के आयोजन हेतु बधाई दी। संवाद में उपस्थित समाजजनों ने अपने प्रश्न रखे जिसका डॉ रावत ने बहुत ही साधारण और घरेलू उपचार बताकर समाधान किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में समाज के चिकित्सकों और डायग्नोस्टिक-पैथोलॉजी लेब संचालकों को श्री महर्षि गौतम सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें समाज के लगभग 45 चिकित्सकों और लेब संचालकों को सम्मानित किया गया।

# योजनाओं का फायदा लेने के लिए किसान करवा सकेंगे पंजीयन

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर जिले में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को उपलब्ध कराए जाने के लिए 30 जून 2025 तक विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। जिले के किसानों को सूचित किया गया है कि विभाग द्वारा संचालित समस्त उद्यानिकी योजनाओं अंतर्गत अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु विभाग के mpfsts portal पर पंजीयन /आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे-फोटो, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, खसरा बी-1, अजा/अजजा वर्ग हेतु प्रमाण पत्र होना चाहिए ।इन्दौर जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां की स्थापना तथा पूर्व से स्थापित इकाईयों के उन्नयन तथा पैकेजिंग के सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना पर योजना अंतर्गत इकाई लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख अनुदान लाभ दिये जाने हेतु प्रावधान है, जिस हेतु जिले को 150 इकाईयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। समस्त कृषकों/उद्यमियों से अपील की गई है कि उक्त योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कार्यालय उप संचालक उद्यान,ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों से सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### 18 जून को आएंगी राष्ट्रपति, कलेक्टर पहुंचे आयोजन स्थल, एयरपोर्ट जाकर भी देखी व्यवस्था

# राष्ट्रपति के दौरे के पूर्व कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**संवाददाता ● इंदौर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दो दिवसीय इंदौर प्रवास कार्यक्रम 18-19 जून को प्रस्तावित है। राष्ट्रपति मुर्मू के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एडीएम रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**निरीक्षण**



कलेक्टर सिंह ने सर्वप्रथम रेसीडेंसी पहुंचकर राष्ट्रपति के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं आवास, सत्कार, भोजन आदि की समीक्षा की। इसके उपरांत वे एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्थाओं के साथ ही सुरक्षा, स्वागत एवं परिवहन व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण की जाएं और राष्ट्रपति महोदया की गरिमा के अनुरूप किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह इंदौर के लिए गौरव का क्षण है और सभी संबंधित विभाग अपने कार्यों को समन्वय से उच्चतम स्तर पर पूर्ण करें।

### पश्चिमी आउटर रिंग रोड के लिए ली जाने वाली जमीन पर किसान न करें बुवाई

# बारिश में निर्माण प्रभावित न हो इसके लिए प्रशासन ने की तैयारी

**संवाददाता ● इंदौर**

पश्चिमी आउटर रिंग रोड के निर्माण को लेकर प्रशासन पूर्ण तैयारी में है। बताया जा रहा है की बारिश के मौसम में इस बार किसानों को यह चेतावनी दी गई है कि जो जमीन आउटर रिंग रोड के लिए अधिग्रहित की जाना है उसे पर किस फसल की बुवाई ना करें। उधर, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण से मुआवजा राशि मिल पर ही किसानों को बांट दी जाए ऐसी तैयारी की जा रही है।

**तैयारी**

जानकारी अनुसार पश्चिमी आउटर रिंग रोड के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का किसानों को नई गाइडलाइन पर मुआवजा दिया जा रहा है जो 100 से 200 फीसदी तक बढ़ चुका है। अधिकारियों के अनुसार पश्चिमी आउटर रिंग रोड की प्रभावित जमीन पर अब खेती नहीं होगी। सभी किसानों को जिला प्रशासन ने सूचना दी है कि अधिग्रहित होने वाली जमीन को छोड़कर बुआई करें। इधर, अवार्ड तो घोषित हो गया, लेकिन एनएचएआइ से मुआवजा नहीं आया है। उसके आते ही जमीन का कब्जा लेने और राशि आवंटित की कार्रवाई तेज होगी।जुलाई से एनएचएआइ पश्चिमी आउटर रिंग रोड का काम शुरू करने जा रही है, जिसको लेकर ठेकेदार कंपनी को सड़क मार्ग पर कब्जा दिया जाना है। कलेक्टर आशीष सिंह ने पिछले दिनों बैठक लेकर निर्देश दिए थे। प्रशासन ने सभी जमीन मालिकों को सूचना दी है कि वे अधिग्रहित होने वाली जमीन पर फसल न लगाए। जल्द ही एनएचएआइ मध्यप्रदेश सरकार के कम्पीटेंट अथोरिटी फोर लेंड एक्यूफिट (सीएएलए) के खाते में राशि का आवंटन करेगा। इसके बाद सभी जमीन मालिकों को राशि लेने के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे। हालांकि, प्रशासन ने सभी जमीन मालिकों को बैंक खातों की जानकारी देने का कह दिया है। इंदौर विकास को लेकर आउटर रिंग रोड को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जैसे राऊ देवास बायपास बनने के बाद नया इंदौर बसा था, ठीक वैसी ही भविष्य की कल्पना शहर के पूर्व व पश्चिम आउटर रिंग रोड को लेकर की जा रही है।इंदौर-अहमदाबाद रोड से शुरू होकर इंदौर-भोपाल रोड को जोड़ेगा, जिसका लाभ सिंहस्थ में मिल सके।



**दोगुनी से ज्यादा बढ़ चुकी है जमीन की कीमतें**

पहली बार सरकार ने उन लोकेशनों की भी गाइडलाइन बढ़ाई है, जिनमें सरकार की योजना लागू है। इसमें पश्चिमी आउटर रिंग रोड भी है। यहां पर 100 से 200 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है, जिसकी वजह से जमीनों की कीमत वैसे ही बढ़ गई है। सड़क निकलने का असर हुआ कि जमीनों की कीमतों ने आसमान छू लिया।

# अच्छी सैलरी के लिए मोलभाव करने के कुछ तरीके पता होने चाहिए

पैसे इस रविवार को लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में 12,048 महिलाओं समेत 60,244 लोगों को पुलिसकर्मी के रूप में नियुक्ति पत्र मिल गए। इसके साथ देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी एकल भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मुझे यकीन है कि नियुक्ति पाने वालों में दो तरह की भावनाएं होंगी। पहली, 48 लाख अभ्यर्थियों में वे सबसे भाग्यशाली हैं और दूसरी, निश्चित ही थकान क्योंकि फरवरी, 2024 में लिखित परीक्षा रद्द हुई, जो दोबारा अगस्त, 2024 में हुई और अब जून 2025 में जाकर नियुक्ति मिल रही है।

हालांकि उनका तय वेतन है, जिसके साथ अन्य सरकारी लाभ भी हैं। पर निजी क्षेत्र में नौकरी खोज रहे कई लोग आजकल ऑफर को लेकर वैसा मोलभाव नहीं कर रहे, जैसा मेरे एक शिष्य ने किया। ह्यजिपरिक्रूटरह्न के पिछले तिमाही के सर्वे के अनुसार नई नौकरी पाने वालों में से 31% ने ही ऑफर पर मोलभाव किया, जो उससे पिछली तिमाही की तुलना में 18% कम था। अमेरिका का ये जॉब सर्च पोर्टल अपनी विभिन्न सुविधाओं के जरिए किसी व्यक्ति-व्यवसाय, दोनों के लिए नौकरी ढूंढने की प्रक्रिया आसान बनाता है।अधिकतर निजी कंपनियां अपने ऑफर्स को ह्यबेस्ट एंड फाइनलह्न बताती हैं। मेरे उस स्टूडेंट को फरवरी में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी से ऑफर मिला। उसकी पीजी की शुरूआत से, बीते तीन वर्षों से मैं उसे गाइड कर रहा था। कंपनी ने उसे ऑफर लेटर दिया और कहा, ह्यहमारी पेशकश सटीक हैह्न। वह वॉशरूम का बहाना कर वहां से हटा और मुझे कॉल किया। उसने कहा, ह्यसर, आपको इसका क्या मतलब लगता है।

मैंने कहा, इसका अर्थ है कि कंपनी वेतन पर कोई मोलभाव नहीं करती और उनका ऑफर अधिकतर प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अधिक है, ताकि वो तुम्हारे समेत अन्य सभी के साथ पार-दर्शी रहें।ह्न उसने पूछा कि अब क्या करें? ऑफर मानकर साइन करने चाहिए? मैंने कहा, ह्यजिन बिजनेस के पास योग्य उम्मीदवार होते हैं, वे एक कीमत तय कर सकते हैं और उस पर अड़े रह सकते हैं। पर बातचीत में एचआर की बेचैनी बाहर आ जाती है। क्या तुम सटीक तर-ीके से बता सकते हो कि एचआर हैड से क्या बात हुई। उसने एक मिनट तक पूरी बात दोहराई और मैंने कहा ह्यउन्हें विनम्रता से कहो, आपके ऑफर के लिए धन्यवाद। पर मुझे बेहतर ऑफर की आशा थी। इसके बाद रुक जाना। उसके बोलने का इंतजार करना। फिर मैंने उसे बताया कि यहां से बातचीत कैसे आगे बढ़ानी है। उसने वैसा ही किया। एचआर हैड ने कहा ह्यतो अब आपका फैसला क्या है?ह्न मेरे शिष्य ने विनम्रता से कहा ह्यआपके ऑफर के लिए धन्यवाद। पर मुझे मेरे परामर्शदाता से बात करने दें और मैं एक हफ्ते में जवाब दूंगा।ह्न इसने उन्हें असहज कर दिया। उसने वेतन से अलग प्रोडक्टिविटी बोनस का ऑफर दिया। मेरे शिष्य ने कहा, ह्ययदि मैं कड़ी मेहनत करूंगा तो हर प्रकार से उसका अधिकारी तो हूं, मुझे पता है कि उसे तो मैं हासिल कर लूंगा।ह्न इसके बाद दोनों ने हाथ मिलाया और एचआर हैड ने कहा, वह शाम तक जवाब देगा। और शाम को जो ऑफर आया वो अपेक्षाओं के करीब था, हालांकि बिल्कुल वैसा नहीं, जैसा हमने सोचा था।

**क्या तुम सटीक तरीके से बता सकते हो कि एचआर हैड से क्या बात हुई। उसने एक मिनट तक पूरी बात दोहराई और मैंने कहा ह्यउन्हें विनम्रता से कहो, आपके ऑफर के लिए धन्यवाद। पर मुझे बेहतर ऑफर की आशा थी। इसके बाद रुक जाना। उसके बोलने का इंतजार करना। फिर मैंने उसे बताया कि यहां से बातचीत कैसे आगे बढ़ानी है। उसने वैसा ही किया। एचआर हैड ने कहा ह्यतो अब आपका फैसला क्या है?ह्न मेरे शिष्य ने विनम्रता से कहा ह्यआपके ऑफर के लिए धन्यवाद।**

याद रखें, कंपनियां किसी भी तरह के निगोशिएशन को शुरू होने से पहले ही खत्म करना चाहती हैं। पर वे यह भी जानती हैं कि जब प्रतिभा बेहतर हो तो वे अपने उस पुराने डायलॉग पर टिकी नहीं रह सकती कि ह्यस्वीकार करो या फिर छोड़ दो।ह्न जो ऑफर बिल्कुल नॉन निगोशिएबल लग रहे हों, वहां भी बातचीत की गुंजाइश हो सकती है। समझदार कर्मचारी, जो अपना वेतन नहीं बढ़वा पाते, वो दूसरी रियायतें पा ही लेते हैं जैसे साइनिंग बोनस, हर हफ्ते वर्क फ्रॉम होम के दिन, और कहीं-कहीं बड़ा पदनाम। पर याद रहे कि अंतिम वाला कई जगहों पर सिर्फ दिखावटी होता है। मेरे एक दोस्त ने उसका साक्षात्कार कर रहे एचआर निदेशक को ये सुझाव देकर कि उनके पद का नाम ह्यडायरेक्टर ऑफ पीपल एंड कल्चरह्न होना चाहिए, एक बहुत अच्छा ऑफर हासिल कर लिया।

## संत वचन

अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई, जिसे उन्होंने इस प्रकार उजागर किया कि यह उनके पूर्वजों और पूर्वजों द्वारा दिखाए गए व्यवहार से मिलता-जुलता था, जो प्रभु और उनकी सच्चाई पर भरोसा करने के बजाय अपनी इच्छाओं, अपनी समझ और चीजों की व्याख्या के अनुसार चलने की उनकी जिद थी। उनका अभिमान और अहंकार, महत्वाकांक्षाएं और इस दुनिया की इच्छाएं उन्हें गलत रास्ते पर ले गईं और उन्हें प्रभु से और भी दूर कर दिया, क्योंकि उन्होंने प्रभु के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे बंद कर दिए थे। यह वह रवैया है जो प्रभु नहीं चाहते कि हममें से कोई भी रखे, ताकि हम यह न सोचें कि हमारे तरीके ... और पद्धतियां बेहतर हैं या हम अपने आस-पास के लोगों की तुलना में किसी तरह बेहतर और श्रेष्ठ हैं।

# हमारे एविएशन सेक्टर की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचेगी

## एडिट.नोट

मनुष्य को अपनी बुद्धि-क्षमता और टेक्नोलॉजी की ईजाद पर हमेशा गुरूर रहता है। लेकिन कभी-कभी यही टेक्नोलॉजी हमें असहनीय दर्द भी दे जाती है। अहमदाबाद में एअर इंडिया की फ्लाइट जिस तरह से क्रैश हुई है, वह घटना हमें विचलित कर देने वाली है। टेक्नोलॉजी की प्रगति से हमें जो आत्मविश्वास मिला है, वो ऐसे हादसों से हिल जाता है। विमान से सफर करने से पहले बोर्डिंग पास लेकर हम कितने बेफिक्र हो जाते हैं। बोर्डिंग की सूचना की राह देखते एयरपोर्ट पर कितनी तसल्ली से टहलते हैं। हमारी टेक्नोलॉजी पर हमें कितना भरोसा है। लेकिन पल-भर में वह भरोसा छिन्न-भिन्न हो जाता है। अहमदाबाद से लंदन जा रही उस फ्लाइट में 242 यात्री सवार थे। उन्हें कहां पता था कि उनका विमान पूरी तरह टेकऑफ करने के पहले ही पक्षाघात के शिकार किसी व्यक्ति की तरह ढह जाएगा और आग की लपटों में घिर जाएगा। विजय रूपाणी, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री भी इसी फ्लाइट में बिजनेस क्लास में थे।

बताया जाता है कि फ्लाइट में बैठे एक सहयात्री ने उनकी फोटो अपने परिवार को भेजी थी। वो तस्वीर हमें सन्न कर देती है। मृत्यु के कुछ क्षण पहले की किसी व्यक्ति की तस्वीर उनकी मृत्यु के बाद हमें कितने सारे संदेश देती है? अमेरिकन बोइंग कंपनी का 787 विमान आधुनिक है। ये विमान दो दशकों से उड़ान भर रहा है। अगर एक इंजन फेल हो जाए तो दूसरे इंजन की वर्टिकल स्टैबलाइजर की उसमें सुविधा है। अचानक मौसम खराब होने पर भी ये यात्रियों की बेहतर सुरक्षा करता है। ये विमान जब बाजार में आया तो सपनों की उड़ान माना गया था। नाम ही उसका ड्रीमलाइनर था। लेकिन अहमदाबाद में टेकऑफ के बाद वो 2 मिनट भी हवा में न रह सका। करीब 650 फीट से ऊपर नहीं जा सका।अभी इस बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दी होगा कि यह हादसा कैसे हुआ। हमें नहीं पता कि यह दुर्घटना पायलट की भूल के कारण हुई या ये महज एक टेक्निकल फेल्योर है। लेकिन एक बहुत गहरा सदमा इस मर्मांतक हादसे से भारतवासियों को लगा है। बोइंग 787 के साथ होने वाला ये पहला इतना घातक हादसा है। इस हवाई जहाज के पहले बोइंग 737 भी काफी विवादों में रहा था। लेकिन इस दुघटना से अमेरिकन बोइंग कंपनी की आबरू और एअर इंडिया की प्रतिष्ठा- दोनों को क्षति पहुंची है। जिस तरह से यह घटना हुई है, वो इसे कभी भी भुला नहीं पाएंगे। ये विमान 242 यात्रियों को लेकर लंदन जा रहा था। उसकी टंकी ईंधन से भरी हुई थी। इसलिए जब विमान जमींदोज हुआ तो आग की भयानक लपटों में घिर गया।

हालत यह है कि यात्रियों की मृत देह की शिनाख्त करना भी अब बेहद मुश्किल हो गया है। डीएनए टेस्ट से अगर कुछ पता चले तो चले। मृतकों की जो तस्वीरें आई हैं, वो बता रही हैं कि जब टेक्नोलॉजी हमें गच्चा देती है तो वो कितनी घातक भी हो सकती है। एअर इंडिया का ये विमान एयरपोर्ट के बाजू में ही स्थित मेघानी नगर में जाके गिरा। यहां दलितों की एक बहुत बड़ी, पुरानी बस्ती है और एक बड़ा हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्स है। सचिन प्रजापति होम लोन का बिजनेस करते हैं। मेघानी नगर में ही उनका घर है। अपने चाचा राजू भाई के साथ वो अपने घर में बैठे थे। करीब 1:45 बजे अचानक एक धमाकेदार आवाज उन्होंने सुनी। वो दौड़कर बाहर आए। 200 मीटर की दूरी पर उन्होंने वह खौफनाक नजारा देखा तो अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पाए। मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले और पढ़ने वाले इंटर्न्स की जो हॉस्टल थी, उस पर हवाई जहाज तीन टुकड़ों में गिरा पड़ा था। अफरातफरी मची थी। सचिन कहते हैं, विमान नहीं था आग का गोला था। वे अपने दूसरे पड़ोसियों के साथ हॉस्टल की बिल्डिंग और खाने की मेस की तरफ भागे। इंटर्न्स को बचाने में उन्होंने और उनके मित्रों ने सहायता की। अफसोस कि वे काफी लोगों को बचा न पाए। भारत में एविएशन इंडस्ट्री में उछाल आया है। बहुत सारे एयरपोर्ट नए बन रहे हैं। एअर इंडिया- जो सरकारी कंपनी थी- उसे टाटा ने खरीदा है और वह 400 से ज्यादा नए विमान खरीदने वाली है।मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के नजदीक भी नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। एविएशन की दुनिया में भारत चौथे नंबर पर है।

## निकलस क्रिस्टॉफ - लेखक

# देश आने वाले कल की नई कृषि-व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है

कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को आजीविका देता है। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का प्रमुख आधार भी है। ऐसे में राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारे किसान भाइयों-बहनों की उन्नति आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण को नीति-निर्माण की सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया है।

किसानों की मेहनत को उचित सम्मान मिले, उनकी फसल को सही दाम मिले और उनका जीवन खुशहाली से भरा हो, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास; सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन-रात काम किया है। किसान हितैषी नीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाजार तक सुगम पहुंच के माध्यम से भारत टिकाऊ, समावेशी और भविष्य-उन्मुख कृषि-व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

पहले के समय में हमारे किसान फसल लागत से नाममात्र का लाभ कमा पाते थे, पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट नीति बनाई कि हर फसल पर उसकी लागत से ऊपर, कम से कम 50% मुनाफा सुनिश्चित होगा। आज खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों के एमएसपी में 1.8 से 3.3 गुना तक की वृद्धि की गई है। इससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है। 2004-14 के मुकाबले 2014-2025 के दौरान एमएसपी पर खरीदी गई फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। सरकार ने केवल एमएसपी बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे।

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों का जीवन व खेती की दशा-दिशा बदल रही है। अब किसान निश्चिंत होकर खेती करता है, क्योंकि उसे पता है कि उसकी फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित मिलना है। आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है। ई-नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़क-र किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है।

सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपए तक का अल्पकालिक ऋण 7% ब्याज पर उपलब्ध कराया है। यह समय से चुकाने पर 3% अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4% रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक ङ्खउउ खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक-टिकाऊ बनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूल्य समर्थन योजना, मूल्य न्यूनता भुगतान योजना, बाजार हस्तक्षेप योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि को लागू किया गया है। मूल्य स्थिरीकरण निधि के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की एमएसपी पर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024-25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। तकनीकी नवाचारों के साथ ये पहलें किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध व खुशहाल बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं।

## बिजनेस

# 14 महीने के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई:मई में ये 0.39% रही, खाने-पीने के सामान की कीमतों में कमी आई



**नई दिल्ली।** मई महीने में थोक महंगाई दर 0.39% पर आ गई है। ये इसका 14 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में थोक महंगाई दर 0.26% रही थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई कम हुई है। इससे पहले अप्रैल में थोक महंगाई 2.05% से घटकर 0.85% पर आ गई थी। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर था। वहीं मार्च 2024 में महंगाई 0.53% पर थी। आज यानी 16 जून को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ये आंकड़े जारी किए हैं।

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई -1.44% से घटकर -2.02% हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 2.55% से घटकर 1.72% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -2.18% से घटकर -2.27 रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.62% से घटक-र 2.04 रही।इससे पहले 12 जून को जारी आंकड़ों के अनुसार भारत की रिटेल महंगाई मई में 2.82% पर आ गई है। ये 6 साल का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2019 में ये 2.86% रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है।

इससे पहले अप्रैल में रिटेल महंगाई घटकर 3.16% पर आई गई थी। वहीं मार्च महीने में रिटेल महंगाई 3.34% रही थी। ये महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। रिटेल महंगाई फरवरी से फ्क्षक के लक्ष्य 4% से नीचे है।

होलसेल प्राइस इंडेक्स (हढक) का आम आदमी पर असर थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए हढक को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। हढक में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। होलसेल महंगाई के तीन हिस्से प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं। फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं मिनरल्स क्रूड पेट्रोलियम महंगाई कैसे मापी जाती है? भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (उढक) भी कहते हैं।

## राज-काज

### शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ख्रक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 पर बंद: निफ्टी में भी 227 अंक की तेजी रही

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 16 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 227 अंक की तेजी रही, ये 24,946 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिली। आज एनर्जी, बैंकिंग, क्ळ और ऋ्रउऋ शेयर्स में बढत रही। टेक महिंद्रा, क्ळउ और इंफोसिस के शेयर करीब 2% चढ़कर बंद हुए।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 477 अंक (1.26%) की बढ़त के साथ 38,311 पर और कोरिया का कोस्पी 52 अंक (1.80%) चढ़कर 2,946 पर बंद हुआ।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 168 अंक (0.70%) बढ़कर 24,060 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 11 अंक (0.35%) चढ़कर 3,388 पर बंद हुआ।

13 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.79% गिरकर 42,197 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 1.30% गिरकर 19,406 पर और 500 1.13% गिरकर 5,976 पर बंद हुआ।

पंप और मोटर बनाने वाली कंपनी ओसवाल पंप्स का क्ढड यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 13 जून से ओपन हो गया है। निवेशक इसमें 17 जून तक अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 20 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इरए) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) पर लिस्ट होंगे। ओसवाल पंप्स क्ढड के जरिए कुल 1,387.34 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें से 890 करोड़ के नए शेयर (फ्रेश इश्यू) जारी किए जाएंगे और 497.34 करोड़ के शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे।बेलराइज इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025 25) की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी किए हैं। द4ऋ25 में बेलराइज इंडस्ट्रीज का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 574.9% बढ़कर 110 करोड़ हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2024 (द4ऋ24) की चौथी तिमाही में 16 करोड़ था। ऑपरेशन से होने वाला रेवेन्यू, द4ऋ25 में 49% बढ़कर 2,274.3 करोड़ हो गया, जो द4ऋ24 में 1,526.2 करोड़ था।



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदनिलम में लोग 'ओचिरा काली' उत्सव में भाग लेते हैं।

# सोना ऑलटाइम हाई पर, 10 ग्राम 99,373 का हुआ:जनवरी से अब तक 23,211 महंगा

**नई दिल्ली।** सोना आज यानी 16 जून को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (क्ष्खअ) की वेबसाइट के अनुसार सोना 315 बढ़कर 99,373 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना पर 99,058 था। वहीं 13 जून को सोने ने 99,170 का ऑलटाइम हाई बनाया था।दिल्ली: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200

कोलकाता: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050चेन्नई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050भोपाल: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,560 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,211 रुपए बढ़कर 99,373 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,683 रुपए बढ़कर 1,06,700 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ऌवक्क कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है।

## मप्र-छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क और मजबूत

# अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन का काम पूरा, होगें कई फायदे...



संवाददाता ● भोपाल / कटनी



**इजाफा**

भारतीय रेलवे ट्रेनों के परिचालन को लेकर एक साथ कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। रेलवे के कई प्रोजेक्ट लॉन्च होने को हैं, तो कई प्रोजेक्ट अब पूरे हो रहे हैं। देश के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बेहद अहम माने जा रहे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच पड़ने वाले अनूपपुर-कटनी तीसरे रेल लाइन प्रोजेक्ट का काम पूरा हो चुका है। यह रेल लाइन 165.5 किलोमीटर लंबी है और अब इसके जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन के शुरू होने से रेल का सफर और आरामदायक तथा आसान हो जाएगा। माना जा रहा है कि इस परियोजना का काम पूरा होने से क्षेत्र में कनेक्टिविटी और परिचालन क्षमता में काफी इजाफा होने की उम्मीद है। पिछले साल सितंबर के पहले हफ्ते में इस प्रोजेक्ट पर 101 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का काम पूरा हुआ था। अगले 10 महीने में शेष रेल लाइन का काम पूरा किया गया। इस तीसरी लाइन के लिए करीब 1680 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था। इस तीसरी रेल लाइन के बनने से छत्तीसगढ़ से कोयला ट्रांसपोर्टेशन में काफी सुधार आएगा। इस वजह से कोयले की आवाजाही सुव्यवस्थित हो जाएगी। साथ ही कोयला रसद की दक्षता को बढ़ावा मिलने और अलग-अलग उद्योगों की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। कोयला समेत कई तरह के खनिजों के ट्रांसपोर्टेशन में सुधार के साथ ही छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के बीच रेल यातायात में काफी सुधार भी आएगा। यह रेल लाइन सुधार क्षेत्रीय व्यापार और यात्रा के लिए काफी अहम है, क्योंकि इससे भीड़भाड़ कम होगी और यात्रा का समय कम होगा।

## शॉट न्यूज

### स्कूटी की टक्कर के बाद भड़की महिला बीच रोड पर युवक को चप्पलों से पीटा

**मैहर।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में रविवार शाम एक सड़क हादसे के बाद हंगामा खड़ा हो गया। अमरपाटन तहसील के सतना रोड तिराहे पर एक महिला और युवक की स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद गुस्साई महिला ने युवक को बीच सड़क पर चप्पलों से पीट दिया। यह घटना न सिर्फ आसपास मौजूद लोगों ने देखी बल्कि सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, घटना रविवार शाम करीब 6 बजे की है। जब दो महिलाएं स्कूटी से सतना रोड की ओर जा रही थीं। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक युवक की स्कूटी से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन चालक सड़क पर गिर पड़े। हालांकि इसमें दोनों को हल्की चोटें भी आईं। लेकिन चोट ज्यादा गंभीर नहीं थीं।

### टीआई के रूम में लाइट बंद सो रहे थे जवान...

**देवास।** कानून की रक्षा का जिम्मा जिन कंधों पर होता है, अगर वही आंखें मूंद लें तो आम जनता खुद को कितना असहाय महसूस करती होगी इसका जीता-जागता उदाहरण हाल ही में खातेगांव थाना परिसर से सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दिन के उजाले में थाना प्रभारी के केबिन में लाइट बंद कर दो पुलिसकर्मी बेफिक्र होकर सोते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये दोनों कर्मचारी एएसआई जगन्नाथ चावड़े और आरक्षक श्याम उपाध्याय थाने के ही हैं। जब कुछ स्थानीय लोग किसी शिकायत को लेकर थाने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जिम्मेदार अफसर सो रहे हैं। जब जनता को अपनी समस्याएं लेकर पुलिस के पास जाना पड़े और वहां सन्नाटा हो, तो भरोसा कैसे कायम रहेगा।

### घबराहट का बहाना बनाकर कैदी फरार

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले की पुलिस सवालों के घेरे में है। लोधीखेड़ा थाने से एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। तस्कर को एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़ा गया था। यह घटना सुबह पांच बजे के करीब हुई। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े होते हैं। पुलिस ने युवक को बाद में खंडहर से फिर से दबोच लिया। मामले की जांच कर रही है। शनिवार रात को एसपी ने थाने का निरीक्षण किया था। इसके कुछ घंटे बाद ही यह घटना हो गई। पहले से ही वरिष्ठ अधिकारी थानों को चौकस रहने के निर्देश दे रहे हैं। इसके बावजूद यह घटना हुई। सुबह तस्कर सुनील पिता बलीराम भारती (38) ने थाने में घबराहट का नाटक किया। एक पुलिसकर्मी ने उसे हवालात से निकालकर टेबल से बांध दिया। पुलिसकर्मी को नींद आ गई। इसी मौके का फायदा उठाकर उसने खुद को रस्सी से आजाद किया और पीछे के गेट से भाग गया।

## स्वास्थ्य केंद्रों और संजीवनी क्लीनिक का करेंगे उद्घाटन भी

# सीएम आज करेंगे 425 करोड़ कार्य का लोकार्पण

### उदयपुरा में 138 करोड़ से अधिक के कार्यों का शिलान्यास भी

संवाददाता ● भोपाल

**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 जून को उदयपुरा रायसेन में प्रदेश के 375 स्वास्थ्य संस्थानों में 425 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 267 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 108 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। उक्त के अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के 138 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इनमें 89 करोड़ 36 लाख के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 49 करोड़ 6 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

इनमें 1 करोड़ रुपए तक की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक सुविधाएं एवं संजीवनी क्लीनिक के 318 कार्य (218 लोकार्पण एवं 100 भूमिपूजन) शामिल हैं। 1 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये की लागत में कुल 38 कार्य हैं, जिनमें 33 लोकार्पण एवं 5 भूमिपूजन सम्मिलित हैं। इनमें 90 उप स्वास्थ्य केंद्र, 10 बी.पी.एच.यू., 118 संजीवनी क्लीनिक, 1 सिविल अस्पताल का उन्नयन, 27 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 2 आई.पी.एच.एल. लेब, 1 सीएमएचओ कार्यालय, 1 पी.आई.सी.यू. तथा 1 डी.ई.आई.सी. के निर्माण कार्य सम्मिलित हैं। वहीं 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले कुल 19 कार्यों में 16 कार्यों का लोकार्पण और 3 कार्यों का भूमिपूजन होगा। इनमें में 3 जिला अस्पतालों का उन्नयन, 7 सिविल अस्पतालों का उन्नयन, 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 3 नए सिविल अस्पतालों का निर्माण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वास्थ्य क्षेत्र में रायसेन ज़िले के 31 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे, जिसकी कुल लागत राशि लगभग 27.98 करोड़ रुपए है। इनमें 14 उप स्वास्थ्य केंद्र, 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 आई.पी.एच.एल. लैब एवं 1 डी.ई.आई.सी. का लोकार्पण और 10 उप स्वास्थ्य केंद्रों का भूमिपूजन शामिल है।



### लाडली बहनों के खाते में अंतरित करेंगे राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की 1करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है।

### राजधानी में 26 साल की युवती से रेप

**भोपाल।** भोपाल में एक 26 वर्षीय युवती ने अपने फेसबुक फ्रेंड पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोपी युवक पहले युवती से संबंध बनाता रहा, फिर किसी और से शादी कर ली। बाद में तलाक देने का झूठा भरोसा देकर दोबारा संबंध बनाए और अब शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शाहजहांनाबाद क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता की पहचान साल 2019 में फेसबुक पर सुमित से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ी और मुलाकातें शुरू हो गईं। सुमित ने युवती से शादी का वादा कर 2022 से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद युवती को पता चला कि सुमित ने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली है। यह जानकर उसे सदमा लगा और उसने आरोपी से मिलना-जुलना बंद कर दिया।

### मायके में रह मां... ले जाने के लिए आया बेटा तो मार दी गोली

**धार।** जिले के बाग थाना क्षेत्र के ग्राम टकारी में एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। यहां एक महिला ने अपने 18 वर्षीय बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। यह महिला पिछले तीन साल से अपने मायके में रह रही थी, जबकि उसका बेटा रिश्तेदारों के साथ उसे मनाकर घर वापस ले जाने आया था। बेटे और मां के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मां ने गुस्से में आकर अपने बेटे पर देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम इकेश चौंगड़ है, जो राणापुर थाना क्षेत्र के ग्राम भोरकुंडिया का रहने वाला था। इकेश शनिवार को अपने रिश्तेदारों के साथ मां से मिलने ग्राम टकारी गया था। मां को ऐसी हालत में देखकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

# मप्र में अक्टूबर तक चिह्नित हो जाएंगे राम वन गमन पथ के सभी स्थल



संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ के कम ज्ञात स्थलों को चिह्नित करने के लिए राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में लंबे समय से शोध कर रहे डॉ. राम अवतार शर्मा के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि चार माह में प्रदेश के कम ज्ञात स्थलों को चिह्नित कर शासन को रिपोर्ट सौंप देंगे।

उनके साथ चार से पांच लोगों का दल भ्रमण कर प्रदेश में ऐसे स्थलों को चिह्नित और प्रमाणित करने की कोशिश करेगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ का पूरा मार्ग तय हो जाएगा। उन्होंने मंडला और बालाघाट के कुछ स्थलों को भी नए सिरे से इसमें जोड़ा है। सभी स्थलों का पर्यटन, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से विकास किया जाएगा।

#### चित्रकूट सहित कई स्थान

अभी तक प्रदेश के 11 जिलों के 25 स्थलों को राम वन गमन पथ से जोड़ा गया है। ये वे स्थान हैं जहां वनवास के समय भगवान श्रीराम गए थे। इनमें सतना में चित्रकूट सहित कई स्थल पहले से श्रीराम के प्रवास के लिए जाने जाते हैं। कुछ ऐसी जगहें भी हैं जहां माना जाता है भगवान राम गुजरे थे या रुके थे पर वे प्रसिद्ध नहीं हैं यानी कम ज्ञात हैं। उनसे जुड़े प्रमाण भी कम मिलते हैं, इस कारण उन्हें खोजा जा रहा है। बता दें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राम वन गमन पथ निर्माण को लेकर सक्रिय हैं। वह इसके लिए बनाए गए न्यास के अध्यक्ष भी हैं। बजट में राम वन गमन पथ के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रविधान इस वर्ष किया गया है।

#### अभी तक इन स्थलों को किया चिह्नित

सतना जिले के चित्रकूट में स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सिलहा गांव में सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, रक्सेला गांव में सीता रसोई और रामसेल। पन्ना में पहाड़ी खेरा गांव में बृहस्पति कुंड, सारंगधर गांव में सुतीक्ष्ण आश्रम, बड़े गांव में अग्निजिह्वा आश्रम और सलेहा में अगस्त्य आश्रम, मैहर जिले में राम जानकी मंदिर, कटनी जिले के भरभरा में शिव मंदिर, जबलपुर जिले में पिपरिया के पास रामघाट, नर्मदापुरम में पासी घाट और माच्छा के राम मंदिर, बालाघाट जिले में राम पायली, मंडला में सीता रपटन, उमरिया जिले में राम मंदिर दशरथ घाट और मार्कंडेय आश्रम, शहडोल के गंधिया और अनूपपुर के कनवाई में स्थित सीतामढ़ी।

## मनरेगा योजना से लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान तक

# मनरेगा में मप्र के 32 लाख श्रमिकों को मिला रोजगार, 1500 करोड़ का पेमेंट भी

संवाददाता ● भोपाल

**अभियान**

मनरेगा योजना से जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक मध्य प्रदेश के 32 लाख लोगों को रोजगार मिला है। वर्ष 2025-26 में मजदूरों को अब तक लगभग 1500 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस योजना के माध्यम से न सिर्फ गरीब, श्रमिकों और किसानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला रहा है, बल्कि सिंचाई की उपलब्धता भी बन रही है। योजना के अंतर्गत खेत-तालाब, अमृत-सरोवर, कुएं, चेक-डैम, भूमि समतलीकरण, मेड़बंदी, बागवानी, जल निकायों का निर्माण, जीर्णोद्धार और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण सहित जल संचयन के अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिले, इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार मनरेगा योजना चला रही है। मनरेगा योजना में लोगों को स्थानीय स्तर पर 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में अप्रैल माह से अब तक 22 लाख परिवारों के 32 लाख लोगों को मनरेगा योजना का लाभ मिला है। प्रदेश में बारिश के पानी का बड़े स्तर पर संचयन किया जा सके, लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बड़े स्तर पर जल संरचना के कार्य किए जा रहे हैं। 14 जून की स्थिति में प्रदेश में 80 हजार 496 खेत तालाब, एक लाख एक हजार 61 कूप रिचार्ज पिट और एक हजार 283 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है, इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिल रहा है।



### कारगर साबित हो रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश सरकार द्वारा तीन माह के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, वह भी ऐसे समय में जब खेती-किसानी का समय नहीं रहता है।किसानों, गरीबों और श्रमिकों को रोजगार की तलाश रहती है। ऐसे में जल गंगा संवर्धन अभियान कारगर साबित हुआ है। मनरेगा के तहत स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला। जिससे काम की तलाश में दूसरे राज्यों या जिलों में नहीं जाना पड़ा। साथ ही लोगों के पलायन में भी कमी आई।


**खेती-किसानी और घरेलू खर्चों में बनी मददगार -** मनरेगा योजना से मिलने वाली मजदूरी श्रमिकों-किसानों-गरीबों के लिए केवल रोज़गार का साधन नहीं, बल्कि खेती-किसानी, घरेलू ज़रुरतों और बच्चों की शिक्षा जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मददगार बन रही है। योजना के माध्यम से खेत-तालाब, अमृत सरोवर, कूप रिचार्ज पिट, सड़कों का सुधार, वर्षा जल संचयन सहित अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत बना रहे हैं।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 17 जून, 2025
www.adityabharat.com





# ईशा देओल की उनके पति से हो गई सुलह?



फादर्स डे के मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल ने सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी फोटो शेयर की है। इस फोटो के शेयर करते ही एक बार फिर ईशा की पर्सनल लाइफ सुर्खियों में आ गई है। पिछले साल अपने पति से तलाक लेने वाले बयान के बाद ईशा की हाल की फोटो देखकर उनके फैंस हैरान रह गए हैं। फादर्स डे के मौके पर ईशा ने जो फोटो शेयर की है, उसमें वो अपने पापा धर्मेंद्र और एक्स पति भरत तख्तानी के साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को देखकर हर कोई हैरान रह गया क्योंकि ईशा और भरत ने कुछ समय पहले ही अपने अलग होने की जानकारी दी थी। लेकिन अब इस फोटो के जरिए वो एक बार फिर साथ दिखे हैं। ईशा ने इंस्टाग्राम पर यह फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'मेर प्यारे पापा और मेरे बच्चों के नाना को हैप्पी फादर्स डे'। इस फोटो में ईशा गुलाबी सलवार-सूट में नजर आ रही हैं, जबकि धर्मेंद्र हल्की गुलाबी शर्ट में और भरत सफेद शर्ट के साथ ब्राउन पैंट में नजर आ रहे हैं। यही नहीं, भरत तख्तानी ने अपने पिता और अपने ससुर धर्मेंद्र की फोटो शेयर की, जिसमें उन्होंने दोनों को हैप्पी फादर्स डे विश किया है। यहां देखें पोस्ट। ईशा और भरत की फोटो से ये तो साफ हो गया है कि वो एक बार फिर साथ आ गए हैं और अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते हैं।

# कृति सेनन होंगी डॉन 3 में रणवीर सिंह की रोमा?

**लेडी डॉन की मुस्कान में छिपा बड़ा राज**

बॉलीवुड में इन दिनों फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की चर्चा जोरों पर है। रणवीर सिंह स्टारर इस एक्शन थ्रिलर से कियारा आडवाणी के बाहर होने के बाद अब कृति सेनन के शामिल होने की खबरें सुर्खियों में हैं। कृति का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें पैपराजी ने उन्हें 'लेडी डॉन' कहकर बुलाया जिसके बाद अटकलों को और हवा मिल गई है। आइए, जानते हैं इस खबर की पूरी डिटेल। हाल ही में मुंबई में कृति सेनन को एक डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया। नीले रंग की स्लीवलेस ड्रेस में कृति बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जैसे ही वह अपनी कार की ओर बढ़ीं, पैपराजी ने उन्हें फोटो खींचते हुए 'कृति जी, डॉन 3, लेडी डॉन' कहकर पुकारा। कृति ने कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी चेहरे पर आई हल्की मुस्कान ने फैंस को उत्साहित कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, और लोग इसे डॉन 3 में उनकी कास्टिंग का इशारा मान रहे हैं। फैंस का कहना है कि कृति की यह मुस्कान उनके रोल की पुष्टि हो सकती है।

डॉन 3 की ऐलान के बाद से ही इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट था। शुरू में कियारा आडवाणी को रणवीर सिंह के साथ लीड रोल में लिया गया था। लेकिन कियारा ने अपनी प्रेगनेंसी की वजह से फिल्म छोड़ दी है। इसके बाद कई खबरें आईं कि कृति सेनन उनकी जगह लेंगी। पिंकविला की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि कृति ने फिल्म के लिए हामी भर दी है और जल्द ही वह आधिकारिक कॉन्ट्रैक्ट साइन कर सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि फरहान अख्तर और उनकी टीम को एक ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी, जो स्क्रीन पर रोमा के किरदार को बखूबी निभा सके, और कृति इसके लिए परफेक्ट हैं। हालांकि अभी तक कोई आधीकारिक बयान सामने नहीं आया जिससे इसे कंफर्म माना जाए। हालांकि इस साल मई में कृति को फरहान अख्तर की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इस मुलाकात ने डॉन 3 में उनकी कास्टिंग की खबरों को और मजबूती दी। एक वायरल वीडियो में कृति को एक्सेल ऑफिस से बाहर निकलते और प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी के साथ गर्मजोशी से गले मिलते देखा गया था।

# 'मैं नया कृष हूं...'

## ऋतिक रोशन की कृष 4 में एंट्री लेंगे जैक्सन? के-पॉप सेंसेशन ने बताई अंदर की बात

राकेश रोशन की हिट फिल्म फ्रेंचाइजी कृष में बतौर निर्देशक ऋतिक रोशन शुरुआत करने वाले हैं। इस बारे में खुद अभिनेता के पिता ने खुलासा किया था। कृष 4 में ऋतिक बतौर एक्टर भी काम करेंगे। सिनेमा लवर्स उनकी इस अपकमिंग फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच ऋतिक रोशन की इस मोस्ट अवेटेड फिल्म के बारे में के-पॉप सेंसेशन जैक्सन वांग ने बात की है। आइए उन्होंने इसमें काम करने से जुड़े सवाल पर क्या प्रतिक्रिया दी। जैक्सन के बारे में बता दें कि वह हाल ही में भारत अपनी अगली म्यूजिक एल्बम मैजिक मैन 2 का प्रचार करने के लिए थे। दरअसल, दुनियाभर में उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है और भारत में भी बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक है। भारत दौरे के दौरान उन्होंने गोलगपे खाने से लेकर वड़ा पालव का लुत्फ उठाया। खैर, चर्चा में उनका एक बयान आ गया है, जो कृष 4 से जुड़ा है। जैक्सन वांग ने कृष 4 का हिस्सा होने से जुड़ी एक मजेदार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'कृष 4, हाँ। यह फिल्म अभी प्रोडक्शन में नहीं है, है ना? मैं इसमें हूं। मैं फिल्म में नया कृष हूं। उन्होंने सफाई देते हुए कहा, मैं बस मजाक कर रहा हूं। मुझे इस प्रतिक्रिया के लिए माफ करें, क्योंकि मैं इस तरीके से बात करना पसंद करता हूं। जैक्सन ने भले ही कृष 4 को लेकर मजाक ही क्यों ना किया हो। फिर भी प्रशंसक इस विचार को लेकर एक्साइटेड हैं कि ऋतिक रोशन की फिल्म में वह म्यूजिक बनाने के लिए तैयार है। दरअस, पॉप स्टार से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'भाई, कभी भी, प्लीज मुझे मौका दो। मैं फ्री में भी करने के लिए तैयार हूं।'



# कियारा ने शेयर की बेबी शॉवर की अनदेखी तस्वीर, सिद्धार्थ संग काटा केक!

कियारा आडवाणी बॉलीवुड के ज्यादातर दिग्गज एक्टर्स के साथ बेहतरीन फिल्में कर चुकी हैं। इन दिनों कियारा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही फैंस को जानकारी दी कि वह मां बनने वाली हैं। मॉम टू बी कियारा ने कान्स 2025 में डेब्यू भी किया। जहां उन्होंने अपनी आउटफिट से सभी का ध्यान खींच लिया और बेबी बंप भी फ्लॉन्ट किया। इसके बाद अब उनकी लेटेस्ट पोस्ट चर्चा में आ गई है। आइए जानते हैं कि इस बार उन्होंने फैंस को क्या सरप्राइज दिया है। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा जिंदगी का एक नया अध्याय शुरू करने की तैयारी कर चुके हैं। कपल मम्मी-पापा बनने के लिए एक्साइटेड हैं। इस बीच कियारा आडवाणी ने रविवार को फैंस के साथ अपनी गोद भराई की एक अनदेखी तस्वीर शेयर की। फादर्स डे 2025 के दिन उन्हें अपने पति को इसकी शुभकामनाएं देते हुए कई तस्वीर शेयर कीं। हालांकि, सभी का ध्यान एक तस्वीर ने खींचा, जिसमें कियारा और सिद्धार्थ साथ नजर आ रहे हैं।

### एक्ट्रेस ने शेयर की बेबी शॉवर की फोटो

कियारा ने कुछ तस्वीरें अपने बचपन की अपलोड की, जिसमें वह अपने पिता के साथ नजर आ रही हैं। कियारा ने बेबी शॉवर की एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह अपने हसबैंड सिदार्थ के साथ केक



काट रही है और केक पर लिखा हुआ है 'ओह बेबी।'

### कियारा आडवाणी ने लिखा स्पेशल नोट

फोटोज शेयर करते हुए अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने लिखा, 'उस आदमी के लिए जिसने मुझे धैर्य, ताकत और ढेर सारे प्यार से पाला, आप हमेशा से मेरे पहेल हीरो हो और रहेंगे। शायद एकमात्र व्यक्ति जो आज भी पहली रिंग पर मेरी कॉल का जवाब देता है। मेरे पति को पालने वाले आदमी को, उस आदमी को आकार देने के लिए धन्यवाद जिसके साथ मुझे जीवन बनाने का मौका मिला। और मेरे पति, जो पिता बनने वाले हैं, मुझे पहले से ही पता है कि हमारा बच्चा सबसे भाग्यशाली होगा। मेरे जीवन में अविश्वसनीय पिताओं को हैप्पी फादर्स डे।'

# दीपिका पादुकोण के 'स्पिरिट' विवाद पर काजोल का पक्ष



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर चल रही चर्चा पर अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी 20 या 30 घंटे लगातार काम नहीं किया और हमेशा काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखा। काजोल ने बताया कि उनके परिवार और फिल्म निर्माताओं ने इसमें उनकी बहुत मदद की। आइए, इस खबर को विस्तार से जानते हैं। काजोल ने कि 1990 के दशक में जब उन्होंने अभिनय शुरू किया, तभी से उनके लिए काम और निजी जिंदगी में बैलेंस बनाना जरूरी था। उन्होंने बताया, 'मैं उन कुछ अभिनेताओं में से थी, जो एक समय में सिर्फ एक फिल्म पर काम करते थे। मैं कभी चार फिल्में एक साथ नहीं करती थी। मैं एक फिल्म पूरी करती थी, फिर दूसरी शुरू करती थी। मैंने कभी 20 या 30 घंटे काम नहीं किया। मैं शुरू से साफ थी कि मैं एक निश्चित समय तक ही काम करूंगी। मेरी मां (तनुजा) ने भी इस मामले में मेरा बहुत साथ दिया हाल ही में दीपिका पादुकोण और डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर खबरें आईं। कहा जा रहा है कि दीपिका ने 8 घंटे की शिफ्ट में काम करने की शर्त रखी थी, जिस पर सहमति न बनने के कारण उन्होंने फिल्म छोड़ दी। इस खबर ने इंडस्ट्री में काम के घंटों पर बहस छेड़ दी। काजोल ने इस पर कहा कि जब उनकी बेटी न्यासा (2003 में जन्मी) हुई थी, तब उन्होंने भी ऐसी ही बात की थी। उन्होंने बताया, 'मुझे याद है, मैंने यह चर्चा की थी और ज्यादातर निर्माता इतने सहयोगी थे कि उन्होंने इस पर दो बार नहीं सोचा।

# 'सरदार जी' बनकर लौटे दिलजीत, नीरू बाजवा की भी दिखी झलक



सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ अक्सर चर्चा में रहते हैं। दुनियाभर में वह अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट भी करते हैं। इसके अलावा, पंजाबी फिल्मों से लेकर बॉलीवुड मूवीज में भी बतौर एक्टर लीड किरदार की भूमिका निभाते हैं। पंजाबी सिनेमा लवर्स उनकी कई हिट फिल्मों के सीक्वल का इंतजार करते हैं। इनमें से एक सरदार जी भी है। इस फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर दर्शक एक्साइटेड हैं। मेकर्स ने लोगों को बड़ा सरप्राइज देते हुए फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। दिलजीत दोसांझ की बेहतरीन पंजाबी फिल्मों की लिस्ट में सरदार जी का नाम शामिल किया जाता है। इसके दो पार्ट पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अब तीसरे की रिलीज डेट के साथ सितारों की पहली झलक टीजर के रूप में देखने को मिल गई है। फिल्म के टीजर में दिलजीत के साथ नीरू बाजवा की झलक भी देखने को मिली है। सिंगर और एक्टर दिलजीत के फैंस ने तो उनकी यह फिल्म जरूर देखी होगी। पंजाब के उन चुनिंदा सितारों की लिस्ट में दिलजीत का नाम शामिल किया जाता है, जो हर विषय पर अपनी बात खुलकर बोलते हैं। इस साल की शुरुआत में उनके कुछ म्यूजिक टूर पर विवाद भी खड़े हुए।

# 'मैं तुम्हें दिल से प्यार नहीं करती', मलाइका अरोड़ा ने पोस्ट कर दिया

## नेटिजंस बोले- 'अर्जुन कपूर तुम्हें बहुत बड़ा नुकसान हुआ'



मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर एक समय ऐसा था जब ये दोनों बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल्स में से एक थे। 2023 में दोनों के ब्रेकअप की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। हालांकि, दोनों ने कभी खुलकर अपने रिश्ते या ब्रेकअप की पुष्टि नहीं की है। लेकिन अब एक छोटी सी सोशल मीडिया एक्टिविटी ने फैंस को फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है। मलाइका अरोड़ा ने संडे की सुबह अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद सुकूनभरी और खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं हैं, जिनमें वो आरामदायक पायजामा में नजर आईं, खाने की टेबल की सजावट भी दिखाई गई और साथ ही एक दिल छू लेने वाला रूमी का कोट भी था कि 'मैं तुम्हें अपने दिल और दिमाग से नहीं, अपनी आत्मा से प्यार करती हूं।

हैरानी की बात ये है कि इस पोस्ट को अर्जुन कपूर ने भी लाइक किया है। ये देखकर फैंस ने इस पर झट से रिएक्ट करना शुरू कर दिया, क्योंकि ब्रेकअप के बाद दोनों ने एक-दूसरे की पोस्ट पर ज्यादा रिएक्ट या बातचीत नहीं की थी, ऐसे में अर्जुन का लाइक करना सबको चौंका गया। मलाइका की पोस्ट पर यूजर्स ने जमकर कमेंट करने शुरु कर दिए। किसी ने लिखा, अर्जुन वापस आ गया है, तो किसी ने कहा, इतनी सुंदर कैसे हो सकती हैं आप! एक यूजर ने मजाक में लिखा, आज फादर्स डे है सेल्फ डे नहीं! तो वहीं, एक ने लिखा है कि ये तुम्हारा नुक्सान है अर्जुन,तुम वापस से उसके पास चले जाओ! ये सारे कमेंट्स ये दिखा रहे थे कि लोग अब भी अर्जुन और मलाइका के बीच की केमिस्ट्री को लेकर उत्सुक हैं। अर्जुन और मलाइका करीब 6 साल तक एक दूसरे को डेट करते रहे। वो अक्सर पार्टीज, डिनर और वेकेशन में साथ नजर आते थे। दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर हमेशा प्राइवेट रहने की कोशिश की लेकिन सोशल मीडिया और पब्लिक अपीयरेंस से बातें साफ हो जाती थीं। 2024 में 'सिंघम अगेन' के प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर ने साफ कहा था कि वो अब सिंगल हैं। वहीं मलाइका ने भी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात करने से इनकार कर दिया और कहा कि वो अपनी प्राइवेसी को लेकर क्लियर हैं। हालांकि रिश्ता अब नहीं रहा, लेकिन दोनों के बीच की दोस्ती खत्म नहीं हुई है।

# सन नियो का 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' शो मेट्रो की यात्रा को बना रहा जादुई अनुभव!






आज के मनोरंजन के दौर में बात सिर्फ क्या देखने की नहीं रही, बल्कि कैसे और कहां देखने की भी है। जैसे-जैसे कहानियों को प्रस्तुत करने के तरीके और भी ज्यादा प्रभावशाली होते जा रहे हैं, वैसी ही कोशिशें भी की जा रही हैं ताकि दर्शकों से असल ज़िंदगी में जुड़ा जाए। भारत में रोज़मर्रा की ज़िंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुकी मेट्रो अब बन गई है एक रहस्यमयी प्रेम कहानी की साक्षी। सन नियो के अपकमिंग शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के टीज़र ने दिल्ली मेट्रो की यात्रा को एक अद्भुत अनुभव में बदल दिया। यात्रियों को मेट्रो में सफर के दौरान सुनाई दी कर्ण मोहिनी (कविता बनर्जी द्वारा अभिनीत किरदार) की रहस्यमयी आवाज़ "सब माया है" और दिव्या (मेघा रे द्वारा अभिनीत किरदार) की दिव्य चेतना से भरी वाणी— "मायावन की कर्ण मोहिनी और उसकी माया की होगी हार, क्योंकि कण-कण में बसा है महाकाल।" इस ऑडियो टीज़र ने यात्रियों के मन में उत्सुकता और जिज्ञासा जगा दी, जिससे कहानी की रहस्यमयी दुनिया की एक झलक पहले ही मिल गई। अभिनेत्री मेघा रे ने इस अनोखे अनुभव पर कहा,"मेट्रो में आम लोगों के बीच उनके जीवन से खुदको जोड़ना वाकई जादुई है। जहां रोज़ की कहानियां जन्म लेती हैं, वहीं अब हमारी कहानी भी अपनी जगह बना रही है। शो शुरू होने से पहले ही दर्शकों से आत्मिक जुड़ाव की शुरुआत कर रहा जो एक सुंदर शुरुआत है।" कर्ण मोहिनी की भूमिका निभा रही कविता बैनर्जी ने कहा, "मेरा किरदार रहस्य और माया पर आधारित है। यह कैंपेन इस तत्व को जीवंत करता है। मेरी आवाज़, उसकी गूंज और अचानक इसका लोगों को सुनाई देना। इन सबसे जो रहस्य पैदा होता है, वह दर्शकों को खींच लाता है। यह प्रचार एक साहसी और रचनात्मक प्रयोग है।" यह कहानी उज्जैन की एक साधारण सी लड़की दिव्या की है, जिसकी ज़िंदगी तब बदल जाती है जब किस्मत उसे प्रेम से मिलाती है। एक प्रकाश की और एक अंधकार दो दुनियाओं के बीच यह कहानी प्रेम, रहस्य और प्राचीन शक्तियों को जोड़ती है। जैसे-जैसे उनके रास्ते मिलते हैं, एक भूला हुआ अतीत फिर से जागता है और एक अद्वितीय यात्रा का आरंभ होता है। देखिए 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी , इस 16 जून 2025 से सिर्फ सन नियो पर। यह सिर्फ एक शो नहीं एक आध्यात्मिक, रहस्यमयी और प्रेमपूर्ण अनुभव है।

दैनिक अदित्य भारत !! श्रीकृष्ण शरणंमम !! सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार 17 जून 2025
www.adityabharat.com



# रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीम संयुक्त विजेता घोषित



## मुख्यमंत्री साय ने विजेता टीमों को सौंपी विनर्स ट्रॉफी

खेल संवाददाता ● रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारी बारिश के चलते फाइनल मैच रद्द कर दिया गया, जिसके बाद रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समापन समारोह में दोनों टीमों के कप्तानों अमनदीप खरे (रायपुर राइनोस) और अजय मंडल (राजनांदगांव पैंथर्स) को विनर्स ट्रॉफी सौंपी।छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि सीसीपीएल जैसे क्रिकेट टूनार्मेंट का यहां शानदार आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में हम सभी खेलों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के माध्यम से राज्य के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने का बेहतरीन मौका मिला है। इस आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ बधाई का पात्र है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बारिश की वजह से फाइनल मैच नहीं खेला जा सका। रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया है। मैं दोनों टीमों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। यह बहुत खुशी की बात है कि मौसम खराब होने के बाद भी बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में मौजूद हैं। मैं आशा करता हूं कि छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ इसी तरह आगे भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन करता रहेगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन 6 जून से 15 जून तक किया गया। इसमें रायपुर राइनोस, राजनांदगांव पैंथर्स, रायगढ़ लायंस, बस्तर बाइसन, बिलासपुर बुल्स और सरगुजा टाइगर्स टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के हाथों से रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीम के कप्तान अमनदीप खरे और अजय मंडल ने विनर्स कप ग्रहण किया। इस अवसर पर खेल मंत्री टंकराम वर्मा, राज्यसभा सांसद और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, विधायक गुरु खुशवंत साहब, बलदेव सिंह भाटिया, प्रभतेज सिंह भाटिया सहित छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

# बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेलने उतरेंगे एंजेलो मैथ्यूज, साथी खिलाड़ी ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट

एजेंसी ● नई दिल्ली





श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज गाले में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के लिए अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलेंगे। पिछले महीने मैथ्यूज ने घोषणा की थी कि वह गाले में बांग्लादेश के विरुद्ध पहले मैच के बाद टेस्ट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज इस समय 38 साल के हैं। मैथ्यूज ने साल 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ इसी मैदान पर अपना टेस्ट डेब्यू किया था। मैथ्यूज 15 से अधिक वर्षों से श्रीलंकाई क्रिकेट के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने एक ऑलराउंडर और एक लीडर, दोनों के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है।

### दिनेश चांडीमल ने किया इमोशनल पोस्ट

श्रीलंकाई विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश चांडीमल ने पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज के लिए इमोशनल मैसेज लिखा है। दिनेश चांडीमल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, 'इसमें कोई शक नहीं है कि 'एंजी', आप श्रीलंकाई क्रिकेट के अब तक के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं इतने लंबे समय तक इतने प्रतिभाशाली खिलाड़ी के साथ खेलना सौभाग्य और ब्लेसिंग मानता हूं। मैंने अपने क्रिकेट करियर में एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में भी आपसे बहुत कुछ सीखा है।'दिनेश चांडीमल ने आगे लिखा, 'आज के बाद हम आपको और आपकी प्यारी मुस्कान को कभी नहीं देख पाएंगे, जिनमें एक खिलाड़ी से कहीं ज्यादा इंसानियत है। अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में आपके साथ लंबे समय तक खेलने के बाद, आपको अलविदा कहना मेरे लिए आसान बात नहीं है। अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। श्रीलंकाई टेस्ट क्रिकेट को आपकी बहुत याद आएगी। इसलिए अंत में, मैं यही कहूंगा कि हम मैदान पर एक साथ आए और कई मूल्यवान साझेदारियां कीं। लेकिन आखिर में हमने एक बेहतर दोस्ती बनाई।'मैथ्यूज ने 118 टेस्ट मैचों में 44.62 की औसत के साथ 8,167 रन बनाए हैं। वह सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले श्रीलंकाई खिलाड़ियों की लिस्ट में मामले में सिर्फ कुमार संगकारा (12,400) और महेला जयवर्धने (11,814) से ही पीछे हैं। एंजेलो मैथ्यूज ने बल्ले के साथ गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने टेस्ट फॉर्मेट में 33 विकेट अपने नाम किए हैं। एंजेलो मैथ्यूज के पास मंगलवार से बांग्लादेश के खिलाफ अपने 119वें और अंतिम टेस्ट मैच में अपने रिकॉर्ड को बेहतर करने का अंतिम मौका होगा।मैथ्यूज श्रीलंका के तीसरे सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी हैं, जिन्होंने 2013 से 2017 के बीच 34 मैचों में 13 जीत हासिल की हैं। भले ही एंजेलो मैथ्यूज टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन उन्होंने जरूरत पड़ने पर व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में चयन के लिए उपलब्ध रहने की बात भी कही है। मैथ्यूज ने श्रीलंका के लिए नवंबर 2023 में आखिरी वनडे और जून 2024 में अंतिम टी20 मैच खेला था।

# कैसे इंग्लैंड को उनकी धरती पर 18 साल बाद धूल चटा सकता है भारत?

एजेंसी ● नई दिल्ली



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने बताया है कि भारत इंग्लैंड में होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज कैसे जीत सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। इसी सीरीज से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (हळठ) 2025-27 का नया साइकल भी शुरू होगा।

इस बड़ी सीरीज से पहले भारत के दो अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रविचंद्रन अश्विन ने भी रिटायरमेंट ले लिया था। ऐसे में इस सीरीज के लिए ज्यादा लोग भारतीय टीम को बैक नहीं कर रहे हैं।

हालांकि, मैथ्यू हेडन को लगता है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर के मुश्किल हालात में टेस्ट मैच जीत लेता है, तो वे सबको गलत साबित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इंग्लैंड के गेंदबाज चोटिल हैं, जिसका फायदा भारत को मिल सकता है।मैथ्यू हेडन ने 'जियोसिनेमा' पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज उतने अच्छे हैं, उन्हें कई चोटें लगी हैं और कई खिलाड़ियों ने संन्यास भी ले लिया है, यही उनकी चुनौती होगी। उत्तरी टेस्ट मैच जब होंगे तो गेंद तेजी से स्विंग होगी, वही अहम होगा, अगर भारत वह मैच जीत जाता है तो यह सीरीज भारत के पक्ष में जा सकती है।'

आपको बता दें कि मार्क वुड इंजरी के चलते शुरूआती 3 टेस्ट के लिए बाहर हो गए हैं जबकि जोफ्रा आर्चर भी पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड के गस एटकिंसन भी हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवर कर रहे हैं और पहले टेस्ट के लिए संदिग्ध हैं।शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# वर्ल्ड कप में फिर भिड़ने वाले हैं भारत-पाकिस्तान, डेट और टाइम नोट कर लीजिए



एजेंसी ● दुबई

भारत और पाकिस्तान की टीमें महिला वनडे विश्व कप मैच 5 अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूट्रल वेन्यू एक-दूसरे का सामना करेंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को इस विश्व कप के शेड्यूल की घोषणा की। इस साल की शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला दोपहर 3 बजे शुरू होगा। भारत हालांकि अपने अभियान की शुरूआत 30 सितंबर को बेंगलुरू में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 26 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी। इससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस वेन्यू के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया।भारत के अन्य मैच 9 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में होंगे। टीम 19 अक्टूबर को इंदौर में इंग्लैंड से भिड़ेगी और फिर 23 अक्टूबर को गुवाहाटी में उसके सामने न्यूजीलैंड की चुनौती होगी। ऑस्ट्रेलिया इस टूनार्मेंट का गत विजेता है जबकि भारत अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

एक सेमीफाइनल बेंगलुरु में होगा, जबकि दूसरा कोलंबो या गुवाहाटी में खेला जाएगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होना है। यह आठ टीमों का टूनार्मेंट होगा जिसमें टीमें एक-दूसरे से एक बार भिड़ेंगी। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।यह टूनार्मेंट 1973 में शुरू हुआ था और इस बार इसका 13वां संस्करण खेला जाएगा। 2022 में ऑस्ट्रेलिया ने अपना सातवां खिताब जीता था। वे वर्तमान चैंपियन हैं और उन्होंने क्ळउ महिला चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में भी पहला स्थान हासिल किया था। इस चैम्पियनशिप की शीर्ष छह टीमें अपने आप विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर जाती हैं।

# भारत का पहला इंटरनेशनल भाला फेंक इवेंट है नीरज चोपड़ा क्लासिक





**नई दिल्ली:** ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा 5 जुलाई 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतेरावा स्टेडियम में नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन करेंगे। यह भारत का पहला इंटरनेशनल भाला फेंक प्रतियोगिता होगा। यह भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक बड़ा और खास मौका है। पहले यह इवेंट 24 मई को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में होना था। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव की वजह से इसे 5 जुलाई को करवाने का फैसला लिया गया।

कहां देखें लाइव इवेंट? नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 को देखने के लिए फैंस स्टेडियम जा सकते हैं। यह स्टेडियम जाना संभव नहीं है तो घर बैठे बी आप इवेंट के लुफ्ट उठा सकते हैं। इवेंट का आयोजन 5 जुलाई को शाम 7 बजकर 30 मिनट से किया जाएगा। इसकी स्ट्रीमिंग जियो हॉटस्टार ऐप पर होगा। वहीं अगर टीवी पर ब्रॉडकास्टिंग देखना है तो आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर जा सकते हैं।नीरज चोपड़ा खुद भी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे। उनके अलावा दुनिया भर के कई टॉप भाला फेंक खिलाड़ी इवेंट के लिए भारत आ रहे हैं। इसमें दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स शामिल हैं। रियो ओलंपिक 2016 में भाला फेंक के स्वर्ण पदक विजेता थॉमस रोहलर भी भारत आएंगे। उनके करियर का बेस्ट थ्रो 93.90 मीटर का है। 2015 के विश्व चैंपियन और रियो ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट केन्या के जूलियस येगो के साथ भारत के कई उबरते हुए स्टार खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

इस इवेंट को आयोजन को लेकर नीरज चोपड़ा ने कहा, 'कभी एक सपना था कि हमारा तिरंगा ऊंचा लहराए, पूरे दुनिया के सामने। आज भी वही सपना है, बस मंच बदल गया है। अब दुनिया के सबसे बेहतरीन भाला फेंक खिलाड़ी एक ही मैदान में उतरेंगे, एक नया ताज जीतने की कोशिश में।'



## महिला वनडे विश्व कप का शेड्यूल घोषित, भारत के पास मेजबानी, कोलंबो में होंगे पाकिस्तान के मुकाबले

दुबई: महिला वनडे विश्व कप 2025 का आयोजन भारत की मेजबानी में होना है। इसकी शुरूआत 30 सितंबर को होगी जबकि खिताबी मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। भारत भले ही मेजबान है लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी की तरह हाइब्रिड मॉडल पर यह टूनार्मेंट खेला जाएगा। पाकिस्तान के मुकाबले श्रीलंका के कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं अगर पाक की टीम सेमीफाइनल और फाइनल में जाती है तो वो भी श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत के खिलाब मैच के अलावा श्रीलंका के अन्य मुकाबले भी कोलंबो में ही होंगे। पहला मैच में टीम इंडिया मैदान पर महिला विश्व कप 2025 के पहले मुकाबले में भारतीय टीम मैदान पर होगी। टीम की भिड़ंत बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका से होगी। बेंगलुरु के अलावा इंदौर, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी में भी मुकाबले खेले जाएंगे। 5 अक्टूबर को भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोलंबो में मैदान पर उतरेगा। 26 अक्टूबर को राउंड रॉबिन मुकाबले खत्म होंगे। 29 और 30 अक्टूबर को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

# नॉन-प्रोफेशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन, 64 टीमों ने लिया हिस्सा

खेलसंवाददाता ● रायपुर



रायपुर. राजधानी रायपुर में मोवा में स्थित एरिना बैडमिंटन एकेडमी में नॉन प्रोफशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया गया. जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ नागपुर और हैदराबाद से भी खिलाड़ियों ने बैडमिंटन टूनार्मेंट में हिस्सा लिया. इस टूर्नामनेट में न्यूज 24 MP-CG मीडिया पार्टनर है.कोच हेमंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इंटर क्लब बैडमिंटन टूनार्मेंट, जिसे खास तौर पर बिजनेस या जॉब करने वाले लोगों के लिए आयोजित किया गया. जो लोग अपनी रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या में स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते, उन्हें फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया.

उन्होंने कहा कि इस टूनार्मेंट का मुख्य उद्देश्य है कि लोग बैडमिंटन जैसे खेल को अपनी फिटनेस रूटीन में शामिल करें. जो लोग एक्सरसाइज करते हैं, उनके लिए यह एक बेहतर विकल्प हो सकता है. इस तरह के आयोजन से लोगों का खेलों में इंटरेस्ट बना रहता है और फिटनेस को लेकर जागरूकता भी बढ़ती है. कोच ने बताया कि इस टूनार्मेंट में बच्चे शामिल नहीं हैं, यह केवल एडल्ट्स के लिए आयोजित किया गया है. इसमें 30 से 40 वर्ष की उम्र के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं. टूनार्मेंट का उद्देश्य है कि इस उम्र वर्ग के लोग अपनी सेहत के प्रति जागरूक हों और खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं.

उन्होंने कहा कि हम जो भी मेहनत करते हैं, उसका बड़ा हिस्सा हम बाद में डॉक्टरों को दे देते हैं. इससे बेहतर है कि हम अभी से अपनी सेहत पर ध्यान दें, अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें और नियमित रूप से खेलों में भाग लें. हम यही संदेश देना चाहते हैं कि लोग अपनी हेल्थ को प्राथमिकता दें.

बैडमिंटन खिलाड़ी मिलींन गौतम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगह से टीम आई है. नागपुर और बेंगलुरु के लोगों ने भी हिस्सा लिया है. सेमीफाइनल का मैच भी किया जा रहा है. इसमें 30 से 40 साल के बीच के लोग शामिल हो रहे हैं. इसमें 64 टीमों ने हिस्सा दिया है. मोवा स्थित एरिना सबसे अच्छा कोर्ट है. हम सफलता पूर्वक आयोजन कर रहे हैं. भविष्य में हम लोग रायपुर में और भी टूनार्मेंट कराएंगे. छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में ऐसे कई लोग हैं जो 30 और 40 साल की उम्र के पार हैं और अपने-अपने क्लबों में नियमित रूप से खेलते हैं. इन सभी क्लबों के खिलाड़ियों को एक जगह एकत्रित कर एक टूनार्मेंट के माध्यम से जोड़ा गया है. इससे न सिर्फ खिलाड़ियों को आपस में खेलने का मौका मिला, बल्कि इससे नई प्रतिभाएं भी सामने आई हैं. कई नए खिलाड़ी उभरकर आए हैं. यह हमारे लिए एक शानदार आयोजन रहा, जिसे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया.

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 17 जून, 2025
www.adityabharat.com





फ्रांसीसी पुलिस छोटी नावों पर सवार लोगों को रोकने के लिए समुद्र में उतरी। पुलिस ने चैनल पार करके यूके जाने की कोशिश कर रहे सैकड़ों लोगों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया, लेकिन अंततः लोगों की संख्या के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा।

## शॉर्ट न्यूज

### पाक मंत्री ने खुद ही उड़वा लिया मजाक...

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के नेता अक्सर अजीब दावे कर सुर्खियों में रहते हैं। अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने ऐसा बयान दिया है, जिसे सुनकर लोग हैरान हो रहे हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।दरअसल, ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान की संसद में कहा कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव था, तब हमारे साइबर एक्सपर्ट्स ने आईपीएल के दौरान स्टेडियम की लाइटें बंद कर दी थीं, डैम के गेट बंद कर दिए और पानी छोड़ दिया। उन्होंने ये भी कहा कि ये सब हमारे 'बच्चों' यानी साइबर वॉरियर्स ने किया। दरअसल, उनका इशारा उस घटना की तरफ था जब धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान 11वें ओवर में फ्लडलाइट्स बंद कर दी गई थीं। दरअसल, तब ड्रोन हमले का अलर्ट था, इसलिए सुरक्षा कारणों से स्टेडियम खाली कराया गया और मैच रद्द कर दिया गया।

### फ्लाइट हैदराबाद में नहीं हो सकी लैंड

**हैदराबाद**। हैदराबाद जाने वाली लुफ्थांसा की एक फ्लाइट को यू-टर्न लेकर फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस उतरना पड़ा। फ्लाइट LH752 जर्मनी से रवाना हुई थी। उसे सोमवार सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था। लुफ्थांसा एयरलाइंस ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि हमें हैदराबाद में उतरने की अनुमति नहीं मिली। इसीलिए विमान ने यू-टर्न लिया और वापस लौट आया। हैदराबाद हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि विमान को अपने मूल स्थान जर्मनी वापस लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि विमान को बम की धमकी मिली थी। उस वक्त विमान भारतीय हवाई क्षेत्र के बाहर था।

### कितने नंबर तक वेटिंग हो सकती है कंफर्म

**नई दिल्ली**। ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को उस समय असमंजस्य का सामाना करना पड़ता है, जब उनका टिकट वेटिंग रह जाता है। ऐसे में उनको समझ में नहीं आता है कि सफर की तैयारी करें या न करें, क्योंकि चार्ट चार घंटे पहले बनता है। चार्ट बनने के बाद आनन फानन में तैयारी नहीं की जा सकती है। कई लोगों को दूर से ट्रेन पकड़नी पड़ती है, ऐसे में वे घर से और जल्दी निकल लेते हैं। इस परेशानी से बचने के लिए आप स्वयं टिकट बुक होते ही पता लगा सकते हैं कि कंफर्म होने की कितनी संभावना है। यहां जानें आसान तरीका। ट्रेनों में 200 से 300 तक वेटिंग जाती है, वहीं त्यौहारी सीजन और छुट्टियों में यह आंकड़ा और बढ़ जाता है। वेटिंग 500 तक पहुंच जाती है।

### जरूरतें पूरी करने के लिए नेपाल की ओर झुकाव

# नेपाल बेच रहा बांग्लादेश को बिजली लेकिन सप्लाई हो रही भारत से

**नई दिल्ली • एजेंसी**

बांग्लादेश कितना भी भारत से बैर रख ले, लेकिन बिना हमारी मदद के उसका कोई काम नहीं चलने वाला है। पहले भारत से बिजली खरीदने वाला बांग्लादेश अब नेपाल से अपनी जरूरतें पूरी कर रहा है। भले ही उसने बिजली खरीद का सौदा नेपाल से किया हो, लेकिन इसकी सप्लाई आज भी भारतीय ग्रिड के जरिये ही की जानी है। नेपाल ने भारतीय ट्रांसमिशन लाइन के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है।

**निर्यात**

नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने तीन अक्टूबर, 2024 को नेपाल द्वारा उत्पादित बिजली को भारतीय ट्रांसमिशन लाइन के जरिये बांग्लादेश को निर्यात करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नेपाल के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश को बिजली का निर्यात आधी रात से शुरू हो गया है। इस करार के तहत बांग्लादेश को 40 मेगावॉट बिजली की सप्लाई की जानी है। समझौते के मुताबिक, नेपाल 15 जून से 15 नवंबर तक 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा। यह बिजली भारत की 400 केवी की मुजफ्फरपुर-बहरामपुर-भेरामारा ट्रांसमिशन लाइन के जरिये बांग्लादेश को भेजी जाएगी। पिछले साल, नेपाल ने समझौते को लागू करने के प्रतीक के तौर पर 15 नवंबर को एक दिन के लिए बांग्लादेश को बिजली का निर्यात किया था।



**ये है इस बिजली का भाव**

नेपाल और बांग्लादेश के बीच हुए द्विपक्षीय समझौते के मुताबिक, नेपाल प्रत्येक बिजली यूनिट के लिए 6.4 अमेरिकी सेंट लेगा। बांग्लादेश ने अगले पांच साल तक नेपाल से बिजली आयात करने पर सहमति जताई है। इसका मतलब है कि अगले पांच साल तक बांग्लादेश को भारत के जरिये ही बिजली की सप्लाई की जाएगी। लेकिन, सवाल ये है कि भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच क्या बांग्लादेश को हमारे रास्ते से बिजली की सप्लाई होती रहेगी अथवा नहीं।

**बिजली के लिए भारत पर ही निर्भर है बांग्लादेश**

बांग्लादेश आज भी अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए भारत पर काफी हद तक निर्भर है। भारत, बांग्लादेश को 2.5 गीगावाट से अधिक बिजली निर्यात करता है, जो कि ऊर्जा की कमी से जूझ रहे बांग्लादेश के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह बिजली मुख्य रुप से अडानी पावर, एनटीपीसी, एसईआईएल एनर्जी इंडिया, पीटीसी और पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसी भारतीय कंपनियों द्वारा प्रदान की जाती है। अडानी पावर बांग्लादेश को 1,496 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है। भारत, बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति के लिए 400 केवी की ट्रांसमिशन लाइन का उपयोग करता है।

# भूकंप के झटकों से कांप उठी धरती, दहशत में लोग

### एक की मौत और कई घायल



**लीमा • एजेंसी**

भूकंप की वजह से पेरू में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक पेरू की राजधानी लीमा में भूकंप के बाद लैंडस्लाइड भी हो गई। पेरू के साथ-साथ पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान में लगातार दो दिन भूकंप आया। यहां रविवार को 4.4 की तीव्रता से भूकंप आया। एक खबर के मुताबिक पेरू की राजधानी लीमा में आए भूकंप की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। रविवार रात करीब 11.35 बजे लीमा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई। लैंडस्लाइड होने की भी खबर है। इसके कारण लोग दहशत में हैं। भूकंप के बाद बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था।

पाकिस्तान में रविवार रात 11.42 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 4.7 की तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले शनिवार को कराची में भूकंप के झटके महसूस किए गए। शहर के कई इलाकों से लोग घरों से बाहर आ गए। शनिवार को आए भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई। कराची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख मौसम वैज्ञानिक आमिर हैदर के मुताबिक, ''शनिवार को आए झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 मापी गई। भूकंप जमीन के भीतर 38 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। हैदर ने बताया कि ये झटके शहर के कम से कम पांच इलाकों में दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि लांधी इलाके की एक ऐतिहासिक भूकंपीय 'फॉल्ट लाइन' से भूकंपीय ऊर्जा निकलने के कारण ये झटके महसूस हो रहे हैं।

# हमारे बच्चों को बचाओ... मुस्लिम महिलाओं ने पीएम मोदी से की अपील

**नई दिल्ली • एजेंसी**

इजरायल के हवाई हमले के बाद ईरान में फंसे हुए भारतीयों की माताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी से उनको तुरंत ईरान से बाहर निकालने की अपील की है। इन महिलाओं ने रोते हुए कहा कि उनके बच्चों की हालत ईरान में बहुत खराब है। वो कल से कुछ भी खा-पी नहीं रहे हैं। उनके दुखी होने के कारण वो भी कुछ नहीं खा या पी नहीं रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी से इस अपील का तत्काल असर देखने को मिला है। भारत के विदेश मंत्रालय ने ईरान में मौजूद अपने सभी नागरिकों के लिए एक टेलीग्राफ लिंक से जुड़ने का निर्देश जारी किया। भारतीयों को सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनको ईरान में अनावश्यक आवाजाही न करने का भी दिशानिर्देश जारी किया गया।

ईरान में हाल के दिनों में इजरायल के हमले के बाद बढ़ती अस्थिरता को देखते हुए भारत सरकार ने वहां रह रहे अपने नागरिकों के लिए अलर्ट जारी किया है। भारतीय दूतावास ने खासतौर पर टेलीग्राम लिंक के जरिए रजिस्ट्रेशन करने की अपील की है ताकि जरूरत पड़ने पर सभी नागरिकों से तुरंत संपर्क किया जा सके। इस चेतावनी के पीछे ईरान की मौजूदा हालात को लेकर चिंता है। दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह एक एहतियाती कदम है। भारत नहीं चाहता कि उसके नागरिक किसी अनचाहे हालात का शिकार हों। एक अधिकारी के मुताबिक 'हमने टेलीग्राम के ज़रिए एक लिंक साझा किया है जिससे हर भारतीय नागरिक अपना नाम और लोकेशन दर्ज कर सकेगा।

### हाईवे पर पिकअप का टायर फटने से हादसा

# बिहार में भीषण हादसा, 5 लोगों की मौत और 15 घायल

**पटना • एजेंसी**

वैशाली में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इसमें महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सारण थाना अंतर्गत नयागांव के बाजितपुर फोरलेन के पास हुआ। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फोनलेने पर लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**हादसा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सारण जिले से आ रही पिकअप वैन पर 25 लोग सवार थे। फोरलेन पर वैन का टायर फट गया। जब तक चालक कुछ समझ पाता, गाड़ी पलट गई और सभी लोग नीचे दब गए।




हादसा इतना भीषण था कि पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। इधर, सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दो व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया। पुलिस का कहना है कि सभी लोग पिकअप पर दिघवारा से मक्का लोड करके भूनवाने के लिए वैशाली जिले के सराय जा रहे थे। इसी दौरान, बाजितपुर के निकट यह हादसा हुआ। पिकअप पर 25 लोग सवार थे, जो सभी एक ही गांव के निवासी थे।पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सारण जिले के दिघवारा निवासी राज कुमार पंडित की 48 वर्षीय पत्नी अंजू देवी, राजू बैठ के 50 वर्षीय पत्नी राधिका देवी, सरवन राम के 23 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार, पंचूराम के 15 वर्षीय पुत्री राजलक्ष्मी कुमारी, रामबाबू राम के सात वर्षीय पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई। सभी के परिजनों को सूचना भेज दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)